हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 7 नवंबर 2025



पहले हॉकी में सुविधा कम थी। अब जगह-जगह ट्रेनिंग सेंटर खुल गए हैं। राजनांदगांव में ट्रफ है, कोच है, ट्रेनिंग सेंटर है, लेकिन यहां मेंटेनेंस नहीं है। ट्रर्फ को समय-समय पर बदलना भी चाहिए।

- रेणुका यादव, अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी



अंचल एवं देश में हॉकी का गौरवशाली इतिहास रहा है। हॉकी ने ओलंपिक में सबसे ज्यादा मैडल जीता है। यह वर्ल्ड रिकॉर्ड है, जो हमारे लिए प्रेरणा का काम कर रही है। राजनांदगांव में आवासीय खेल अकादमी की स्थापना होनी चाहिए।

- मृणाल चौबे, अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी



# 100 साल की हुई हॉकी: देश में नर्सरी के रूप में प्रख्यात हुआ नांदगांव, बेस्टियन-रेणुका जैसे खिलाड़ी निकले, राजा सर्वेश्वरदास प्रतियोगिता ने उभरते खिलाड़ियों को दिया मंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शताब्दी वर्ष विशेष

देशभर में राजनांदगांव को पहचान दिलाने वाली हॉकी आज अपने 100 साल पूरे करने जा रही है। हॉकी से शहर का ऐसा नाता रहा है कि यहां की गली-गली में इस खेल को लेकर दिवानियत और टूटी डंडी से हॉकी खेलते हुए बच्चे दिखाई देते रहे हैं। वहीं स्व एरमन बेस्टियन, रेणुका यादव और अनिशा साहू जैसे खिलाड़ी भी इस धरती ने देश को दिए हैं।

इसके साथ ही देशभर के खिलाड़ियों को बेहतर मंच उपलब्ध कराने वाली राजा सर्वेश्वरदास अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता भी इस शहर में ही पिछले आठ दशक से आयोजित की जा रही है। जिसमें दो दर्जन से अधिक अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ियों ने शिरकत की है। छत्तीसगढ़ हॉकी के मार्गदर्शन में जिला हॉकी संघ द्वारा साप्ताहिक कार्यक्रमों की श्रृंखला चलाई जा रही है। जिले के अलग-अलग स्कूलों में रैली, संगोष्ठी, कार्यशाला, क्विज़ प्रतियोगिता और प्रदर्शन हॉकी मैच आयोजित किए जा रहे हैं। नीरज इंटरनेशनल स्कूल में रैली व संगोष्ठी और कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमें करीब 600 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। रॉयल किड्स कॉन्वेंट हायर सेकंडरी स्कूल में भारतीय हॉकी का इतिहास विषय पर संगोष्ठी और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई। इसमें 500 से ज्यादा छात्रों ने हिस्सा लिया। रुद्राक्षम वेलफेयर सोसाइटी ने चिखली हाईस्कूल मैदान में रैली, क्विज़, संगोष्ठी और प्रदर्शन हॉकी मैच कराया। इस आयोजन में 200 खिलाड़ी शामिल हुए। आज भी आयोजन रखे गए हैं।





**1942 से शुरू हुई प्रतियोगिता** : राजनांदगांव के नाम को देशभर में ख्याति दिलाने वाली महंत राजा सर्वेश्वरदास अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता की शुरूआत करीबन आठ दशक पहले 1942 से हुई। उस दौरान राजा की याद में इस प्रतियोगिता की शुरूआत की गई थी। इस प्रतियोगिता का साल दर साल भव्यता ऐसी बढ़ती चली गई कि इसमें देश के कई नामचीन खिलाड़ियों ने शिरकत की। प्रतियोगिता की शुरूआत म्युनिसिपल स्कूल मैदान से की गई थी, जिसे 1975 में दिग्विजय स्टेडियम में शिफ्ट किया गया। वहीं पिछले करीब एक दशक से यह प्रतियोगिता अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में खेली जा रही है।

### खिलाड़ियों ने बढ़ाया शान

राजनांदगांव का नाम देशभर में रौशन करने वाले खिलाड़ियों में पहले ओलंपियन रहे स्व. एयरमैन आर बेस्टियन (प्रथम ओलंपियन) उसके बाद सुश्री रेणुका यादव (प्रथम महिला ओलंपियन छत्तीसगढ़) ने हमारा गौरव बढ़ाया। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे, सुश्री रेणुका राजपूत, भूमिशा साहू, अनीशा साहू आंचल साहू ने भारतीय हॉकी टीम का प्रतिनिधित्व किया।

### मुरूम के मैदान से एस्ट्रोटर्फ तक पहुंचे

राजनांदगांव का हॉकी से दशकों पुराना नाता रहा है। वरिष्ठ खिलाड़ियों से मिली जानकारी के अनुसार चार दशक पहले तक शहर में आधा दर्जन हॉकी की प्रतियोगिताएं होती रही है। शहर में मुरूम और मिट्टी के मैदान में हॉकी खेलते खिलाड़ी नजर आते थे। मुरूम मिट्टी से यह खेल दिग्विजय स्टेडियम की हरी घास तक पहुंचा। देशभर में राजनांदगांव के नाम को देखते हुए तत्कालीन सीएम डॉ. रमन सिंह ने साल 2014 में प्रदेश का पहला एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम भी राजनांदगांव में बनवाया। इस तरह हॉकी मुरूम-मिट्टी से एस्ट्रोटर्फ तक का सफर पूरा कर चुकी है।

### जब आए थे ध्यानचंद

दुनिया भर में हॉकी के जादूगर के नाम से मशहूर भारत के महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद 1970 में राजनांदगांव आए थे। बताया गया कि मेजर ध्यानचंद बतौर कोच बनकर एक टीम के साथ महंत सर्वेश्वरदास अखिल भारतीय प्रतियोगिता में आए थे। इस दौरान उन्होंने शहर में हॉकी के जुनून को देखते हुए ही इसे हॉकी की नर्सरी का नाम दिया गया था। ज्ञात हो कि मेजर ध्यानचंद को सम्मान देने की मंशा से ही गौरवपथ में उनकी प्रतिमा स्थापित की गई है।

## चक्काजाम के चलते लगी वाहनों की लंबी कतार, जमकर नारेबाजी भी

# बिना सर्विस रोड फ्लाई ओवर का निर्माण आक्रोशित ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के समीप ग्राम इंदामरा और धनगांव के बीच रेलवे ट्रैक के ऊपर फ्लाई ओवर का निर्माण किया जा रहा है, लेकिन संबंधित ठेकेदार द्वारा निर्माण से पूर्व सर्विस रोड नहीं बनाया गया है। जिसकी वजह से लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आज चार गांव के आक्रोशित ग्रामीणों ने इंदामरा-धनगांव मार्ग पर चक्काजाम कर दिया।

ग्राम धनगांव में बन रहे रेलवे फ्लाई ओवर निर्माण के चलते यहां धनगांव, इंदामरा, बरगा और बम्हनी के ग्रामीणों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ठेकेदार द्वारा लगभग 2 वर्ष से यहां पर फ्लाई ओवर का निर्माण किया जा रहा है, लेकिन लोगों के आवागमन के लिए सर्विस रोड नहीं बनाया गया। जबकि निर्माण से पूर्व सर्विस रोड बनाया जाना था। सर्विस रोड नहीं बनने की वजह से यहां गड्ढों से भरी सड़क और धूल से ग्रामीण परेशान हो गए हैं और आज पंचायत के जनप्रतिनिधियों और युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव निखिल द्विवेदी के साथ मिलकर उन्होंने चक्काजाम कर दिया।



### मुरूम की जगह डाली जा रही मिट्टी

धनगांव सरपंच जागेश्वर देवांगन ने बताया यहां पर ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य में मुरूम की जगह मिट्टी डाली जा रही है और जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाते जांच की मांग की है। सरपंच ने कहा कि लंबे समय से ठेकेदार को यहां पर सर्विस रोड को दुरुस्त करने का आग्रह किया गया, लेकिन ठेकेदार ने किसी की एक न सुनी, आज चक्काजाम करने पर यहां पर रोलर चलाकर सर्विस रोड बनाया जा रहा है।

### भ्रष्टाचार का आरोप

चक्काजाम के दौरान ग्रामीणों ने सक्षम अधिकारी के नाम से नायब तहसीलदार को ज्ञापन देकर निर्माण कार्य में जांच की मांग, सर्विस रोड निर्माण और विद्युत व्यवस्था करने कहा है और समस्या का समाधान नहीं होने पर आगे उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है। ग्रामीणों द्वारा किए गए चक्काजाम से काफी देर तक वाहनों की कतार लगी रही।

### ठेकेदार के प्रति काफी आक्रोश

चक्काजाम कर रहे ग्रामीणों ने इस मार्ग को दुरुस्त करने और सर्विस रोड बनाकर स्ट्रीट लाईट की व्यवस्था करने मांग की है। वहीं इस पूरे काम को लेकर ठेकेदार के प्रति आक्रोश जाहिर करते जिला प्रशासन, शासन और रेल मंत्रालय के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि इस मार्ग पर धूल से काफी परेशानी है। खासकर स्कूली बच्चों को दिक्कत होती है। ठेकेदार द्वारा समय-समय पर पानी डाले जाने से इस समस्या से छुटकारा मिलेगा।

**ठेकेदारों की चल रही मनमानी** : युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव निखिल द्विवेदी ने कहा कि भाजपा राज में ठेकेदारों की मनमानी चल रही है। शासन-प्रशासन को आम जनता की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं दिखता है। ठेकेदार द्वारा दो दिवस के भीतर समस्याओं को दूर करने का आश्वासन मिलने के बाद चक्काजाम समाप्त किया गया। चक्काजाम के दौरान बरगा सरपंच विनोद कंवर, उप सरपंच खोमलाल साहू, चंद्रशेखर मालेकर, राजू वर्मा, नरेंद्र देवांगन, गेंदालाल देवांगन, महेंद्र मालेकर, अमर झा, राजा यादव, मोहित कोचरे, दीपक सोनकर, सूरज सागर, विकास नोहर, मेघनाथ, दिलीप साहू, नंदन, भूषण सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

# तीन दिवसीय मोहारा मेला का समापन शाम तक रही रौनक, पहुंचे हजारों लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के ऐतिहासिक मोहारा मेला में बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। आसपास के ग्रामीण इलाकों से लेकर अन्य जिलों से भी बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही। 4 नवंबर से प्रारंभ हुए मेले का आज 6 नवंबर को समापन हो गया। आखरी दिन दोपहर से देर शाम तक मेला स्थल पर चहल-पहल का नजारा रहा।

ज्ञात हो कि शहर के शिवनाथ नदी तट मोहारा में ऐतिहासिक मेले का आयोजन कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर किया जाता रहा है। इस वर्ष 4 नवंबर को मेले का भव्य शुभारंभ हुआ। मेले में पहले ही दिन से अच्छी खासी उपस्थिति शहरी सहित ग्रामीणों की रही। कार्तिक पूर्णिमा के दिन अलसुबह से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शिवनाथ नदी तट मोहारा पहुंचे, जहां विधि-विधान से महाआरती का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई, स्नान-ध्यान कर नदी में भोर के समय दीपदान किया गया। जिससे यहां का दृश्य देखते ही बनता था। पूजा-अर्चना के पश्चात लोग सुबह से देर शाम तक मेले का लुत्फ उठाते रहे। बच्चों से लेकर बड़े झूले का जहां आनंद उठाते देखे गए। वहीं होटल, ठेला-खोमचा में स्वल्पाहार कर मेले का आनंद उठाया गया।

लोगों ने इस अवसर पर आवश्यक सामग्रियों की जमकर खरीदी भी की।





### मेला का गरिमामय समापन

मोहारा मेला का आज आखरी दिन था। सुबह से ही यहां मेले का लुत्फ उठाने लोग पहुंचने लगे थे। दोपहर बाद मेला स्थल में बड़ी संख्या में भीड़ उमड़ी हुई थी। कई जहां स्वयं के वाहनों से मेला स्थल पहुंचे। वहीं कई यात्री वाहनों व आटो इत्यादी से मेला स्थल तक पहुंचते रहे। आज भी लोगों ने मेले में जमकर खरीदी की। साथ ही झूला, होटल इत्यादी का आनंद ठाया। मेले में सुरक्षा व्यवस्था हेतु पर्याप्त पुलिस एवं ट्रैफिक पुलिस, अधिकारी व जवानों की तैनाती रही। तीन दिवसीय इस मेले का आज देर शाम गरिमामयी ढंग से समापन हुआ।

### माए एंगल




# कोचिया पकड़ाया, 5.4 लीटर शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में अवैध रूप से शराब बिक्री व परिवहन के खिलाफ पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा। जिसके तहत शराब कोचिये पकड़े जा रहे हैं।



अभियान के तहत बसंतपुर पुलिस ने शराब कोचियों को पकड़कर 30 पौवा देशी प्लेन शराब बरामद कर कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में शराब कोचियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

### आरोपी से देशी शराब बरामद

अभियान के तहत थाना बसंतपुर क्षेत्र में शराब कोचिया के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के दौरान आरोपी खिलेश पाण्ड्या निवासी प्रभात नगर लालबाग के कब्जे से 30 पौवा देशी शराब जुमला 5.400 बल्क लीटर कीमती 2400 रुपए जब्त कर आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। न्यायालय से आरोपी को जेल वारंट प्राप्त होने के पश्चात जेल दाखिल किया गया।

# मेले में चाकू लेकर घूमने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बाइक में अवैध रूप से शराब बिक्री करने हेतु परिवहन कर रहे आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने कार्रवाई की है। आरोपी से 90 पौवा देशी शोले मसाला बरामद किया गया। वहीं मंडई में चाकू लेकर घूम रहे आरोपी को पकड़कर कार्रवाई की गई है।



पुलिस के अनुसार जिले में अवैध गांजा, शराब बिक्री व असामाजिक तत्व, गुंडा बदमाश और सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है। अभियान कार्रवाई में चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 5 नवंबर को अवैध शराब बिक्री हेतु बाइक में परिवहन कर ले जाने के संबंध में पुख्ता सूचना के आधार पर उक्त बाइक को ग्राम बोरी में नाकाबंदी कर आरोपी अविनाश साहू 32 साल साकिन शांतिनगर के कब्जे से 90 पौवा शोले देशी मसाला शराब कीमती 9000 रुपए एवं बाइक को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत विधिवत कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार आरोपी शराब भट्टी में गार्ड के पद पर था तैनात। ड्यूटी के बाद अपने साथी से खरीदी करवाता था और इकट्ठा कर बिक्री करता था। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।

### मंडई में चाकू लेकर डराया

इसी तरह ग्राम कांकेतरा में 5 नवंबर रात्रि में मंड़ई मेला कार्यक्रम के दौरान मंड़ई में आए लोगों को चाकू लहराकर डराने-धमकाने की सूचना पर मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी दुर्गादास वैष्णव 45 साल साकिन कांकेतरा को मौके पर धारदार चाकू के साथ अभिरक्षा में लेकर आरोपी के विरूद्ध विधिवत कार्रवाई की गई।

### वाद-विवाद कर शांतिभंग

अन्य मामले में वाद-विवाद की सूचना के आधार पर 6 नवंबर को मौके पर पहुंचने पर अनावेदक को समझाने और अधिक आक्रोशित होकर आवेदक को मेरे खिलाफ पुलिस में शिकायत दिए हो कहकर लड़ाई-झगड़ा कर शांतिभंग करने लगा। संज्ञेय अपराध घटित होने की पूर्ण संभावना पर तामेश्वर यादव 22 साल साकिन शीतला मंदिर रोड वार्ड नं. 5 को गिरफ्तार कर पृथक से धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया।

## चौदह साल से थी सक्रिय, 50 हजार की प्रोत्साहन राशि दी गई

# 17 लाख इनामी महिला नक्सली ने किया सरेंडर

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

प्रदेश शासन की आत्मसमर्पण व पुनर्वास नीति का सकारात्मक परिणाम सामने आया और इस बार 17 लाख रुपए की इनामी हार्डकोर महिला नक्सली कमला सोड़ी उर्फ उंगी उर्फ तरूणा 30 साल ने पुलिस अधीक्षक लक्ष्य शर्मा के समक्ष आत्मसमर्पण किया। कमला सोड़ी 2011 से प्रतिबंधित संगठन भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी माओवादी से जुड़ी रही है। वह माड़ डिवीजन, बस्तर एमएमसी मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ जोन की सक्रिय सदस्य थी और जोन प्रभारी रामदर की टीम में प्रमुख भूमिका निभाती थी।

कमला पर छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश सरकारों द्वारा कुल 17 लाख का संयुक्त इनाम घोषित किया गया था। मूलतः ग्राम अरलमपल्ली तहसील कोटा थाना दोरनापाल जिला सुकमा की निवासी कमला ने संगठन में मिलिट्री हार्डकोर सदस्य के रूप में कार्य किया। उसने भर्ती, प्रचार और पुलिस बलों पर हमलों की योजनाओं में सक्रिय भूमिका निभाई थी। आत्मसमर्पण के दौरान कमला ने बताया कि शासन की विकासोन्मुखी नीतियों, ग्रामीण अंचलों में सिविक एक्शन कार्यक्रमों, सड़क व संचार सुविधाओं के विस्तार सहित जनकल्याणकारी योजनाओं से उत्पन्न विश्वास ने उसे हिंसा का मार्ग त्यागने के लिए प्रेरित किया।



### मुख्यधारा से जुड़ रहे नक्सली

जिला पुलिस एवं सुरक्षा बलों द्वारा चलाए जा रहे संवाद व प्रेरणा अभियान के तहत नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शासन की आत्मसमर्पण नीति की जानकारी बैनर, पोस्टर और पाम्प्लेट्स के माध्यम से निरंतर दी जा रही है। जिसके परिणामस्वरूप नक्सली अब मुख्यधारा से जुड़ने आगे आ रहे हैं। आत्मसमर्पण के पश्चात कमला सोड़ी को शासन की नक्सलवाद उन्मूलन नीति के तहत 50 हजार की प्रोत्साहन राशि तत्काल प्रदान की गई है। साथ ही पुनर्वास नीति-2025 के अंतर्गत अन्य सुविधा प्रदान किए जाने की प्रक्रिया जारी है।

आवश्यकता है

ज़िंदगी का बेस्ट डिसिज़न!™

जैन मोटर्स अधिकृत विक्रेता जॉन डियर इंडिया प्राईवेट लिमिटेड को निम्न पद हेतु अनुभवी व्यक्तियों की आवश्यकता है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेल्स मेनेजर | | 2. गंडई | 3 पद |
| 1. अंबागढ़ चौकी | 1 पद | 3. डोंगरगांव | 2 पद |
| 2. चिचौला | 1 पद | 4. छुरियां | 2 पद |
| सेल्समेन | | 5. अंबागढ़ चौकी | 4 पद |
| 1. खैरागढ़ | 5 पद | 6. मैकेनिक- गंडई | 1 पद |

इंटरव्यू दिनांक 09/11/25 रविवार

संपर्क स्थल : जैन मोटर्स स्टेट हाईवे, कवर्धा रोड, खैरागढ़

ब्रांच - रायपुर नाका चौक, भारत साइकिल स्टोर के बगल में, राजनांदगांव.

9977184777, 8120006476, 9827953976

## खबर संक्षेप



### नए पदाधिकारियों ने लिया शपथ

**लाल बहादुर नगर।** सेंदरी मंडल के ग्राम इकाई साहू समाज मडियान में 5 नवंबर को शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान मां कर्मा मंदिर का भूमिपुजन किया गया। मुख्य अतिथि तहसील अध्यक्ष लक्ष्मण साहू थे। कार्यक्रम मे पूर्व मंडल अध्यक्ष सत्यदेव साहू भी शामिल हुए। अतिथियों ने मां कर्मा की पुजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। नव निर्वाचित पदाधिकारियों को समाज को सही दिशा निर्देश देने एवं एकजुटता से गतिविधि संचालित करने कहा गया। सभी ने मंदिर निर्माण में सहयोग करने की बात कहा। इस मौके पर गणेशराम साहू, माखन साहू, अनुसुइया साहू, बबिता साहू, सरपंच टुम्मन मंडावी, पुराणिक साहू, लक्ष्मण साहू, सालिकराम, कपिल साहू, रिखीराम, दुर्गेश साहू, दिलीप साहू, रामकुमार, ज्ञान साहू, पुष्पा साहू, दीप्ती साहू आदि मौजूद थे। यह जानकारी शारदा हिरवानी ने दी।

### मुरूम का अवैध खनन



**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत बचेराभाटा में मुरम खनन किया जा रहा है। शिकायत के बाद भी प्रशासन कार्रवाई नहीं कर रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि राजस्व एवं वन विभाग के क्षेत्र से अवैध खनन किया जा रहा है। परिवहन में लिप्त गाड़ियों को पकडकर दबाव में छोड़ दिया गया है। लोगों के अनुसार खेतों और सड़कों के किनारे खुदाई कर मुरम निकाली जा रही है, जिससे जमीनें बर्बाद हो रही हैं। वहीं भारी वाहनों की आवाजाही से सड़कें जर्जर हो रहीं है। एसडीएम ने परमिशन न होने की बात कही।

### बेगारी कर रहे पालिका के मजदूर




**डोंगरगढ़।** नगर पालिका दैनिक कार्य करने वाले मजदुरों के नाम से फर्जी हाजरी भरने और राशि का दुरूपयोग करने का मामला सामने आया है। कुछ जनप्रतिनिधि के घरों में काम करने वाले मजदुरो की हाजरी भरकर पालिका से वेतन का भुगतान किया जा रहा है। इन मजदुरों से विभागीय कार्यो के अलावा निजी घरों में भी काम कराया जा रहा है। यह मजदूर बिना अवकाश के कलेक्टर दर पर काम करते है। लेकिन उनसे 16 से 18 घंटा कार्य कराया जाता है। काम करने से मना करने पर मजदूरों को काम से निकालने की धमकी दी जाती है। इन कर्मचारियों का मुकरदम अपने घर में 2 से 3 मजदूरों से घरेलू काम करवाता है जिनके वेतन का भुगतान पालिका से किया जाता है।

बिना डिग्री और लाइसेंस कर रहे थे उपचार

# चार झोलाछाप डॉक्टरों की डिस्पेंसरी सील, मचा हड़कंप

## कथित डॉक्टरों ने कार्रवाई का किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

नर्सिंग होम एक्ट का उल्लंघन कर प्राइवेट प्रेक्टिश करने वाले कथित डाक्टरों के खिलाफ जिला प्रषासन ने कार्रवाई करते हुए डिस्पेंसरी को सील कर दिया। प्रशासन की कार्रवाई से कथित चिकित्सको में हडकंप मच गया है।

स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग ने पिछले महिने नगर में डिस्पेंसरी खोलकर डाक्टरी करने वाले चार कथित डाक्टरों के खिलॉफ कार्रवाई की है। प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद वनांचल में बिना डिग्री और लाइसेंस के प्रेक्टिश करने वाले कई कथित डाक्टर भूमिगत हो गए है। वह या तो डिस्पेंसरी बंद कर गायब हो गए है या खुले तौर पर प्रेक्टिश करने से बच रहे हैं। जानकारी के अनुसार स्वास्थ्य विभाग की अगुवाई में राजस्व और पुलिस विभाग दल ने हयूमन पैथालाजी लैब कुम्हार पारा, चांदसी दवाखाना आम्बेडकर चौक, लाईफ लाईन क्लिनिक गुप्ता चौक एवं दिशा क्लिनिक ब्राम्हणपारा को सील कर दिया है।




### कार्रवाई जारी रहेगी

बीएमओ डॉ ध्रुवे ने कहा है कि बिना डिग्री, लाइसेंस के प्रेक्टिस करने वाले झोलाछाप डाक्टरो के खिलाफ कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि डिस्पेंसरी खोलकर लोगों की जान से खेलने वाले झोलाछाप डाक्टरो की सूची शीर्ष कार्यालय एवं वरिष्ठ अधिकारियों को सौपी गई है।

### गंभीर शिकायत के बाद कार्रवाई

बीएमओ डॉ आरआर ध्रुवे ने बताया कि चारों डिस्पेंसरी के खिलाफ निरंतर गंभीर शिकायतें मिल रही थी। बीएमओ ने बताया कि इन डिस्पेंसरी के खिलाफ नर्सिंग होम एक्ट का उल्लंघन करने की शिकायतें थी। उन्होंने बताया कि कथित डाक्टरो के पास डिग्री नही है और वह बगैर लाइसेंस के उपचार कर लोगों की जान से खिलवाड कर रहे थे। वहीं डिस्पेंसरी के संचालको का कहना है कि कार्रवाई से पूर्व स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग ने एक भी नोटिस नही दिया हे। नियमानुसार डिस्पेंसरी सील करने के पहले एक या दो नोटिस एवं डिग्री का जांच करना था।कथित चिकित्सकों का आरोप है कि प्रशासन ने एकतरफा कार्रवाई किया है। संचालको का आरोप है कि झूठी शिकायत एवं दबाव के चलते प्रताडित किया जा रहा है।

# दुकानदार पहुंचा थाना, पालिका के सीएमओ पर कार्रवाई की मांग

- जिला कार्यालय के सामने धरना देने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



नक्सल हिंसा से पीडित दुकानदार की दुकान को नगर पालिका द्वारा सील करने का मामला अब तुल पकड़ता दिख रहा है। इस मामले में पीड़ित ने थाना में शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है साथ ही चेतावनी दिया है कि कार्रवाई नहीं होने पर पुरा परिवार जिला कार्यालय के सामने अनशन करेगा। वहीं विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने इस मामले को लेकर सरकार की मंशा पर सवाल उठाया है।

उल्लेखनीय है कि नक्सली हिंसा से प्रभावित धीरेन्द्र साहू को लंबी लड़ाई के बाद जिला प्रशासन के आदेश पर मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजन के तहत दुकान का आबंटन किया गया था ताकि वह जीवन यापन कर सके। दुकान का किराया बकाया होना बता कर बीते दिन नगर पालिका के अमले ने दुकान सील कर दिया। पीड़ति ने बताया कि दुकान सील होने के बाद जब वह नगर पालिका परिषद पहुंचा तो सीएमओ ने बिना चर्चा किए चेम्बर से बाहर जाने कह दिया जबकि वह बकाया किराए को चुकाने के लिए कुछ दिन की मोहलत मांगने गया था। नगर पालिका अधिकारी के उपेक्षा पूर्ण रवैया के बाद पीड़ति परिवार ने अधिकारी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पीड़ति दुकानदार ने थाने पहुंचा कलेक्टर और एसपी के नाम आवेदन दिया, जिसमें बकाया किराए को पटाने के लिए कुछ दिनों का समय देने की मांग करने के साथ मुख्य नगर पालिका अधिकारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। पीड़ति ने यह भी बताया कि 6 नवंबर तक दुकान नहीं खोला जाता है तो पीड़ति परिवार जिला कार्यालय के सामने धरने पर बैठ जाएगा।

### पीड़ित के पक्ष में विधायक

नक्सल पीड़ति परिवार के मामले को लेकर अब राजनीति गर्म होने लगी है। विधायक हर्षिता बघेल ने भी नक्सल पीड़ति परिवार का समर्थन करते हुए भाजपा सरकार और अधिकारी पर निशाना साधा है। विधायक ने कहा है कि भाजपा के राज में नक्सल पीड़ति परिवारों को मदद मिलने के बजाए उन्हे परेशान किया जा रहा है जो दुर्भाग्यजनक है।

### सेवानिवृत्त कर्मी को बिदाई

**अंबागढ़ चौकी।** एक ही जगह पर 41 सालों तक सेवा प्रदान करने के बाद सहायक राजस्व निरीक्षक दशरथ शर्मा शनिवार को सेवानिवृत्त हो गए। श्री शर्मा दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी के रूप में पदस्थ हुए थे। नियमित कर्मचारी के रूप कार्य करते हुए कार्यमुक्त हुए। निकाय के अधिकारी कर्मचारियों ने शनिवार को उन्हे सम्मानपूर्वक बिदाई दिया।

# दिग्विजय कॉलेज में मनाई गई जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगाव के भौतिक शास्त्र विभाग में न्यूक्लियर प्रोग्राम के जनक डॉ. होमी जे भाभा की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में एक समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. अंजलि औधिया, प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता, डॉ. पीबी टांक, डॉ. एसके पटेल, लेखा प्रसाद उर्वशा, डॉ. आरके देशमुख, नितेश बंजारे एवं त्रिवेंद्र साहू मंचस्थ रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत भाभाजी के तैलचित्र पर मुख्य अतिथि द्वारा फूल अर्पण एवं राजकीय गीत के साथ की गई।

तत्पश्चात डॉ. पीबी टांक ने कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि एवं उपस्थित सभीजनों को स्वागत भाषण से उद्बोधित करते किया। डॉ. एसके पटेल ने कार्यक्रम की रूपरेखा का विवरण दिया एवं डॉ. होमी जे भाभा के व्यक्तित्व का वर्णन करते उन्होंने कहा कि भाभा जी में स्वबोध की भावना थी। जिसके कारण वे विदेश न जाकर भारत में ही रह गए और भारत को नाभिकीय शक्ति बनाने में अविस्मरणीय योगदान दिया।

प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति का लक्ष्य निश्चित होना चाहिए। साथ ही लक्ष्य बड़ा रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें संकल्प लेना चाहिए कि विज्ञान का उपयोग मानव व समाज के कल्याण के लिए हो। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं वक्ता डॉ. अंजलि औधिया ने एसडब्ल्यूओसी, लर्नर सेंट्रिक पेडागॉजी के जरिये हमारी क्वालिटी एजुकेशन विषय पर अपना व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि व्यक्ति को अपनी कमजोरी, ताकत एवं अवसर का ज्ञान होना चाहिए। साथ ही व्यक्ति को क्रिटिकल थिंकिंग करना चाहिए। जिससे वे निश्चित ही सफल होंगे और देश व समाज के विकास में अपना योगदान दे सके।

कार्यक्रम में एमएससी के छात्रों द्वारा भाभा जी की जीवनी एवं प्रेरणादायक व्यक्तित्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए गए। अंत में सहायक प्राध्यापक लेखा प्रसाद उर्वशा ने धन्यवाद ज्ञापित करते मुख्य अतिथि, विभागाध्यक्ष एवं विभाग का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में एमएससी तृतीय सेमेस्टर, एमएससी प्रथम सेमेस्टर एवं बीएससी हॉनर्स के कुल 67 छात्र उपस्थित रहे। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# नामदेव समाज ने श्रद्धा के साथ मनायी जयंती



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नामदेव समाज के लोगों ने संत नामदेव महाराज की जयंती धूमधाम से मनाया। मुख्य अतिथि विधायक हर्षिता स्वामी बघेल थी। अध्यक्षता पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने की। विशिष्ट अतिथि पालिका उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, पार्षद अमित जैन, भाजपा मंडल अध्यक्ष जसमीत बन्नोआना, अमित यादव, विनय बंसल थे।

मुख्य अतिथि श्रीमती बघेल एवं श्री डोंगरे ने सर्वप्रथम नामदेव महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर नमन किया। इस मौके पर रीमती बघेल ने कहा कि संत नामदेव महाराज एक महान संत थे जिन्होंने जीवन भर धर्म, समाज हित में कार्य किया। श्री डोंगरे ने नामदेव महाराज की जीवनी पर प्रकाश डाला। इसी क्रम में पालिका उपाध्यक्ष उमा उमेश वर्मा, पार्षद अमित जैन, मंडल अध्यक्ष जसमीत बन्नोआना ने भी संबोधित किया। अंत में पूर्व अध्यक्ष भागवत नामदेव, बबलू शांडिल्य ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर भागवत, पप्पू नामदेव, विकास नामदेव, अमन नामदेव, ललित नामदेव, भेसज नामदेव, प्रेमराज नामदेव, राम वर्मा नामदेव आदि उपस्थित थे।

# गोंड समाज आया सामने, एमडी ठाकुर के बयान पर जतायी आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कलकसा

नवरात्र पर्व के दौरान आदिवासी गोंडवाना समाज ने बमलाई में पंचमी भेंट सेवा जात्रा संपन्न किया। पंचमी भेंट को लेकर ट्रस्ट और समाज के बीच विवाद की स्थिति बन गई थी। समाज द्वारा विवाद के निराकरण के लिए ज्ञापन सौंपा था जिस पर प्रशासन ने जल्द निराकरण करने का आश्वासन दिया था। समाज और अधिकारियों के बीच बैठक का दौर चल रहा है पर अभी तक समाज व ट्रस्ट समिति के साथ चर्चा नहीं हुई है।

जानकारी के अनुसार गत 3 नवंबर को एमडी ठाकुर, नीलकंठ गढ़े, आत्माराम चंद्रवंशी ने पंचमी भेंट और समाज के गतिविधियों को गलत करार देते हुए प्रेस कांफ्रेंस में समाज को तोड़ने का आरोप लगाया था। वर्तमान में श्री ठाकुर छत्तीसगढ़ गोंड महासभा के किसी भी पद पर नहीं है और न पंचमी भेंट या अन्य सामाजिक कार्यक्रम में उन्होंने सहयोग दिया।

ओडारबांध महासभा के अध्यक्ष मदन नेताम, संचालक रमेश उइके, लादूराम तुमरेकी, राजेश्वर ध्रुव, मदन खुरश्याम, मयाराम मंडलोई, नरोत्तम सिंह कुंजाम ,महेंद्र नेताम ने ठाकुर पर गलत बयानबाजी करने का आरोप लगाते हुए कहा कि वह समाज को तोड़ने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि महासभा के चुनाव में ठाकुर को हार का सामना करना पड़ा है इसलिए वह समाज को बरगलाने और फूट डालने का प्रयास कर रहे हैं। सभी ने संयुक्त विज्ञप्ति में जारी कर ठाकुर के बयान का खंडन किया है।

### समाज प्रमुखों की पहल का स्वागत

वहीं बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने गोंड़ समाज अध्यक्ष एमडी ठाकुर, कंवर समाज के संरक्षक आत्माराम चंद्रवंशी, हल्बा आदिवासी समाज के भीष्मलाल उर्वशा, जिला गोंडवाना समाज के अध्यक्ष नीलकंठ गढ़े, पंचराम पडोती, हल्बा समाज के नेपाल सिंह के व्यक्तव्य का स्वागत करते हुए कहा है हम उनकी सकारात्मक पहल का स्वागत करते हैं। आदिवासी समाज के प्रमुखों ने ट्रस्ट की नियमावली का समर्थन किया है जिसके लिए ट्रस्ट समिति ने आभार व्यक्त किया है। ट्रस्ट अध्यक्ष ने कहा कि मंदिर में सनातन हिन्दू धर्म को मानने वाले सभी समाज और सभी भक्तों हमेशा स्वागत है। सभी परम्पराओं का पालन करते हुए निर्धारित स्थल से पूजन कर सकते हैं।

### जीवन प्रमाण पत्र भरने 11 को शिविर

**डोंगरगढ़।** भारतीय स्टेट बैंक द्वारा आगामी 11 नवंबर को 11 बजे रेलवे सामुदायिक भवन रेलवे कॉलोनी शिविर आयोजित किया गया है जिसमें राज्य एवं केंद्र सरकार के सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारी जीवन प्रमाण पत्र भर सकते है। स्टेट बैंक शाखा प्रबंधक अभिषेक कुमार सिंह ने पेंशनर एसोसिएशन के पदाधिकारियों की मीटिंग लेकर फार्म भरने की जानकारी दी। संघ के अध्यक्ष हंसराज साहू, कंवलराम देवांगन ने लाइफ प्रमाण पत्र जमा करने की अपील की है।

# खबर प्रकाशित होने के बाद निर्माण एजेंसी सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭ खड़गांव

सड़क पर गढ्ढा खोदने से दुर्घटना होने की आशंका की खबर प्रकाशित होने के बाद निर्माण एजेंसी अलर्ट हो गई है। उल्लेखनीय है कि सड़क खोदने के बाद मौके पर संकेतक बोर्ड भी नहीं लगाया गया था। कहा जा रहा था कि सड़क का निर्माण सही नहीं हुआ है इसलिए रिपेयर किया जा रहा है। आमजनों का कहना था कि जब सामग्री ही घटिया लगाया गया है तो अच्छा काम कहां से होगा? सड़क निर्माण के बाद तीसरी बार सड़क को खोद गया है। सड़क रिपेयरिंग को लेकर जिम्मेदार अधिकारी सोनू चौधरी ने बताया कि सड़क खोदकर तुरंत बनाया जा रहा है। इस बार गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मौके पर संकेतक लगाने कहा गया था लेकिन नहीं लग पाया। तत्काल संकेतक बोर्ड लगा दिया जाएगा।



# गायत्री महायज्ञ में शामिल हुए ग्रामीण

- विभिन्न संस्कार हुए संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव



छुरिया ब्लाक के अधीन आने वाले ग्राम अछोली में पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। पहले दिन ग्राम की महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर कीर्तन भजन करते हुए भ्रमण किया। शाम को संगीतमय गायत्री दीप महायज्ञ किया गया। दीप महायज्ञ का शुभारंभ नीलिमा सिन्हा, डॉ हरेश सोनकर, गीताराम साहू, क्षत्री सलामे ने भजन प्रस्तुत कर किया। तत्पश्चात मुख्य वक्ता जयप्रकाश सिन्हा ने मानव जीवन की गरिमा पर प्रकाश डाला। उन्होंने यज्ञ की महत्ता बताते हुए कहा कि प्रजापिता ब्रह्मा ने सृष्टि के निर्माण के वक्त मनुष्य और यज्ञ को जुड़वा भाई के रूप में पैदा किया है। जब तक इंसान यज्ञ का सहारा लेगा तब तक उन्नति करेगा। शाम को 1101 दीप जलाकर आतिशबाजी के साथ दीप यज्ञ किया गया। आरती और प्रसाद वितरण कर समापन किया गया। दूसरे दिन वैदिक मंत्रों के माध्यम से देवताओं का आवाहन किया गया। पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं विविध संस्कार संपन्न कराए गए। इस मौके पर 15 बच्चों का विद्यारंभ एवं 5 बहनों का पुंसवन संस्कार, 20 से अधिक परिवारों को देव परिवार बनाने का प्रयास किया गया। टोली ने अखंड ज्योति, प्रज्ञा अभियान एवं युग निर्माण पत्रिका का वितरण किया। इस मौके पर एकांत चंद्राकर, भूषण कंवर, चोवाराम साहू, जगत साहू, बिहार पुजारी, केशव पुजारी, नीलूदास साहू, भूषण साहू, कमलेश साहू, दीनू सोनकर, नंदलाल गुरु पंचांग, पुखराज, मोहन हिरवानी, तामेश्वर साहू, हिम्मत धनकर, टुकेश्वर साहू, हरेंद्र साहू, धनराज कंवर, तेजराम साहू, कोसमल साहू , नरबद, भजन, प्रदीप पटेल, नरहरी पटेल आदि मौजूद थे। अंत में टोली विदाई, देव विदाई एवं बुजुर्गों का सम्मान श्रीफल से किया गया।

### रोपवे 25 तक बंद रहेगा

**डोंगरगढ़।** बम्लेश्वरी देवी के ऊपर मंदिर तक जाने वाला रोपवे कल 6 से आगामी 25 नवंबर तक अस्थाई रूप से बंद कर रहेगा। प्रबंधन समिति ने रोपवे के नियमित रखरखाव और तकनीकी जांच के लिए यह निर्णय लिया गया है। इस अवधि में श्रद्धालुओं को माता के दर्शन के लिए सीढ़ियों के मार्ग से ही चढ़ाई करनी होगी।

सामाजिक हित में निरंतर करें कामः दलेश्वर

# नए पदाधिकारियों ने संभाला पदभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव



परिक्षेत्रीय साहू संघ दीवानभेड़ी एवं कोकपुर का शपथग्रहण कार्यक्रम विधायक दलेश्वर साहू तथा प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डा निरेन्द्र साहू के आतिथ्य में संपन्न हुआ। अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष हेमंत साहू ने की। विशेष अतिथि पूर्व महामंत्री अमरनाथ साहू, पूर्व जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू, जिला उपाध्यक्ष महेश्वर साहू, तहसील उपाध्यक्ष डेरहीन साहू, पार्षद कोमल साहू, तहसील संयोजक मूलचंद साहू, हेमसिंग साहू थे। इस अवसर पर विधायक साहू ने पदाधिकारियो को बधाई देते हुए कहा कि जो अवसर मिला है उसका सदुपयोग समाजिक हित में करें। उन्होंने समाज को सुसंगठित व संस्कारित बनाने की दिशा में कार्य करने का आव्हान किया। समाज की मांग पर सामाजिक भवन में मूलभूत निर्माण कराने का आश्वासन दिया। प्रदेश अध्यक्ष डां निरेन्द्र साहू ने संगठन को मजबूत बनाए रखने के लिए समाज के रीति नीति का पालन करते हुए समाज संचालन करने को कहा। संरक्षक अमरनाथ साहू, अध्यक्ष हेमंत साहू एवं जिला उपाध्यक्ष महेश्वर साहू ने भी संबोधित किया।

कोकपुर परिक्षेत्र में नवनिर्वाचित अध्यक्ष बेलसराम साहू, उपाध्यक्ष हेमंत साहू, मोहनी साहू, संगठन सचिव गोविंदा साहू, मीना साहू, सचिव यादोराम साहू, कोषाध्यक्ष खेमचंद साहू, अंकेक्षक पोवादास साहू सहित अन्य को तहसील अध्यक्ष हेमंत साहू ने शपथ दिलाई। इसके पूर्व निवर्तमान अध्यक्ष प्यारेलाल साहू सहित अन्य पदाधिकारियो ने कार्यभार सौंपा। इस अवसर पर बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

इसी तरह दीवानभेड़ी परिक्षेत्र के अध्यक्ष धर्मेंद्र साहू, उपाध्यक्ष लीलादास साहू, सावित्रीबाई साहू, सचिव महेश साहू, कोषाध्यक्ष नरेंद्र साहू, संगठन सचिव रिखीराम साहू, इंदु साहू को तहसील अध्यक्ष ने शपथ दिलाया। इस अवसर पर तहसील उपाध्यक्ष डेरहीन साहू, संगठन सचिव कोमल साहू का सम्मान किया गया। सभी अतिथियों को प्रतीक चिन्ह, श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। संचालन नरेंद्र साहू ने किया।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### मशरूम उत्पादन की तकनीक जाना किसानों ने

**छुईखदान।** ग्राम पंचायत गोपालपुर में रानी अवंती बाई लोधी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र छुईखदान के रावे के छात्रों ने किसानों को प्रायोगिक माध्यम द्वारा मशरूम उत्पादन की तकनीक से अवगत कराया। इस दौरान रावे के छात्रों ने किसानों को मशरूम की प्रमुख प्रजातियों, जैसे बटन, ऑयस्टर और मिल्की मशरूम, मशरूम उत्पादन की वैज्ञानिक विधियों, बीज चयन, तैयारी, तापमान एवं नमी प्रबंधन, संग्रहण और विपणन की विस्तृत जानकारी दी। किसानों को यह भी बताया गया कि स्थानीय संसाधनों का उपयोग कर मशरूम उत्पादन को किस प्रकार कम लागत में आरंभ किया जा सकता है। इस दौरान सहायक प्राध्यापक तामिन ठाकुर ने बताया कि मशरूम न केवल पोषक तत्वों से भरपूर होता है, बल्कि अतिरिक्त आय का सशक्त माध्यम है। कृषक इसे उद्यम के स्तर पर अपनाकर अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार करके ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध करा सकते हैं। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. अविनाश कुमार गुप्ता अधिष्ठाता के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में रावे कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद कुमार नंदनवार, रावे समन्वयक डॉ. सेवक ढेंगे तथा डॉ. प्रेरणा जैसवाल का योगदान रहा।

### शर्मा बाबू के कविता संग्रह का रायपुर में विमोचन



**गंडई पंडरिया।** राजधानी रायपुर के वृंदावन हॉल, सिविल लाइन में 5 नवंबर को छंद के छः का भव्य दीवाली मिलन समारोह संपन्न हुआ। इस समारोह में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से आए छंद साधकों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नौ छंद साधकों की नौ पुस्तकों का एक साथ विमोचन रहा। इसी कड़ी में, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के कटंगी निवासी साहित्यकार और छंद साधक कमलेश प्रसाद शर्मा बाबू के छत्तीसगढ़ी कविता संग्रह ठउंका केहेस मितान का विमोचन किया गया। चंदैनी गोंदा के उद्घोषक सुरेश देशमुख, वरिष्ठ साहित्यकार श्रीमती सरला शर्मा, सुधीर शर्मा और अरुण निगम सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने अपने कर-कमलों से इस कृति का विमोचन किया। शर्माबाबू की यह आठवीं छत्तीसगढ़ी कृति है, जिसकी भूमिका खैरागढ़ के वरिष्ठ साहित्यकार विनय शरण सिंह ने लिखी है। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर छंदबद्ध कविताओं की शानदार प्रस्तुति के बीच इस विमोचन के लिए अनेक साहित्यकारों और शुभचिंतकों ने शर्माबाबू को बधाई दी है।

### बैठक 10 को

**राजनांदगांव।** पेंशनर्स एसोसिएशन जिला राजनांदगांव के अध्यक्ष इंजीनियर जीआर देवांगन अपने प्रतिनिधि मंडल के साथ स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के मुख्य शाखा दिग्विजय स्टेडियम के मुख्य प्रबंधक जादवेंद्र कम्प से सौजन्य भेंट कर नवपदस्थ होने पर बधाई दी।

## निधन

### अमरचंद बोहरा



**डोंगरगांव।** नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी अमरचंद बोहरा का 95 वर्ष की आयु में छह नवंबर को सुबह 7.30 बजे निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार कल 7 नवंबर को 12 बजे मुक्तिधाम में किया जाएगा। स्व बोहरा ने सुरेश, किशोर, मनीष का भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। गत 31 अक्टूबर को उनकी सांसारिक पौत्री भाविका बोहरा ने जैनेश्वरी दीक्षा ग्रहण किया है।

---

### उच्च शिक्षा विभाग के मुख्य द्वार पर लगी तस्वीर

# राज्योत्सव में आकर्षक रही विश्वविद्यालय की प्रदर्शनी

### विभिन्न कलाओं का किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

राज्य स्थापना दिवस के 25 साल पूरा होने पर आयोजित रजत जयंती पर्व को लेकर नवा रायपुर में इंदिरा कला संगीत विवि की प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र बनी रही। कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा के मार्गदर्शन में उक्त पांच दिवसीय प्रदर्शनी में विवि के प्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न कलाओं का प्रदर्शन किया गया।

सुबह से लेकर देर रात तक प्रदर्शनी में लोगों की भीड़ लगी रही और विभिन्न कलाओं को जानने समझने के लिए लोगों ने अपनी रुचि जाहिर की। खास बात यह रही कि उच्च शिक्षा विभाग की इस प्रदर्शनी के मुख्य द्वार पर संगीत विवि की तस्वीर मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। तस्वीर देखते ही लोग आकर्षित होकर कला के संबंध में जानकारी लेने पहुंचते रहे।

उच्च शिक्षा विभाग के मंत्री टंकराम वर्मा सहित जनप्रतिनिधियों ने भी प्रदर्शनी का आनंद लिया और इसकी सराहना की। प्रदर्शनी संयोजक योग निदेशक डॉ अजय पांडेय और सहसंयोजक सहायक प्राध्यापक डॉ विकास चंद्रा रहे। सहयोगी के रूप में मूर्तिकला के छात्र पोडियम रवि, चित्रकला के छात्र गिरीश उपस्थित रहे।



#### संगीत कला की शिक्षा लेने किया जागरूक

नवा रायपुर की तरह कुलपति के निर्देशन में जिला मुख्यालय में आयोजित तीन दिवसीय कला प्रदर्शनी में भी जनप्रतिनिधियों सहित आम नागरिकों ने रुचि ली। इस दौरान दृश्य कला संकाय के अंतर्गत चित्रकला, मूर्तिकला, छापाकला, क्राफ्ट व डिजाईन विभाग द्वारा विभिन्न कलाओं की प्रदर्शनी लगाई गई थी। आसपास के गांवों से पहुंचे लोगों विशेषकर युवाओं को संगीत एवं ललित कलाओं की जानकारी देते हुए इनके अकादमिक महत्व व प्रभाव पर प्रकाश डाला गया वही कौशल विकास की शिक्षा के प्रति जागरण के लिए भी विशेष प्रयास किया गया। प्रदर्शन संयोजक सहायक प्राध्यापक डॉ रबीनारायण गुप्ता, सह संयोजक सहायक प्राध्यापक संदीप किन्डो रहे। सहयोगी के रूप में सहायक प्राध्यापक डॉ कपिल वर्मा व डॉ छगेंद्र उसेंडी, अतिथि व्याख्याता मनिंदर सिंह, उमेश नेताम व केशव ध्रुव उपस्थित रहे।

---

# ताम्रकार ने वनांचल क्षेत्र के खेतों में पहुंच कर लिया खराब फसलों का जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

बीते सप्ताह हुए बेमौसम बारिश से धान की फसल काफी प्रभावित हुआ है। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार ठाकुरटोला पैलीमेटा, भदेरा, सिंगारपुर, जंगलपुर आदि गांव पहुंचकर फसल की स्थिति का मुआयना किया। फसल बरसाती पानी में चौपट हो गया है। उन्होंने उपस्थित किसानों से चर्चा कर विभागिय अधिकारियों से फसल की स्थिति से अवगत कराया तथा तत्काल मुआवजा प्रकरण एवं फसल बीमा के सर्वे के लिए दिशा निर्देशित किया।

ताम्रकार ने किसानों को आश्वस्त किया कि सरकार हमेशा किसानों के साथ है। सरकार का फैसला किसानों के हित में होगा। उन्होंने कहा कि बेमौसम बारिश में पहले सोयाबीन फसल खराब हुई और अब धान की फसल बरसाती पानी में खराब हो गई है। ऐसे में किसानों के सामने आर्थिक समस्या खड़ी हो गई है। वनांचल एवं मैदानी इलाकों के सैकड़ों गांव के किसान खराब फसल को लेकर चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि इस विकट स्थिति में आर्थिक सहायता एवं फसल बीमा का लाभ किसानों को मिलना चाहिए। क्षेत्र में जल्द ही नुकसान हुए फसल का सर्वे एवं आकलन का कार्य शुरू हो जायेगा और सरकार उन्हें आर्थिक लाभ जरूर पहुंचाएगी। मौके पर प्रकाश जंघेल, जनपद सदस्य काशी राम, रमेश कुमार, अनुज साहू, दूजे भाई, कुमार पाल, भुनेश्वर सेन, अशोक साहू सहित कृषक, जनप्रतिनिधि एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



#### किसानों की समस्या को लेकर कृषि मंत्री से मिले खम्हन

जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार गुरुवार को कृषि मंत्री रामविचार नेताम से मुलाकात कर क्षेत्र में फसल नुकसान की स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि पैलीमेटा, ठाकुरटोला, सड़क अतरिया, बुन्देली सहित जिलेभर में बेमौसम बारिश से धान, सोयाबीन की फसल चौपट हो गई है। उन्होंने पत्र सौंपकर किसानों को आर्थिक सहायता पहुंचाने की बात कही। श्री ताम्रकार ने मंत्री को बताया कि बेमौसम बारिश में पहले सोयाबीन की फसल चौपट हो गया तथा अब धान की कटाई-मिंजाई के समय हुए मूसलाधार बारिश ने धान की फसल को बर्बाद कर दिया है। बहुत से किसान कर्ज लेकर फसल का उत्पादन महंगी लागत पर किया था, जो अब आर्थिक क्षति को लेकर काफी चिंतित हैं। लगभग सभी किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत अपने फसल का बीमा कराया हुआ है। ताम्रकार ने बताया कि मंत्री ने किसानों को आर्थिक सहायता एवं बीमा का लाभ दिलाने का आश्वासन दिया है।



---

## ग्राम पटेल पर शासकीय जमीन में अवैध कब्जे का लगाया आरोप




■ तहसीलदार से लेकर एसडीएम तक शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

गंडई तहसील अंतर्गत ग्राम बुड़ासागर में ग्राम पटेल द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। स्थानीय नागरिक द्वारा इस मामले को लेकर पहले तहसीलदार और फिर अनुविभागीय अधिकारी को लिखित शिकायतें दी गई हैं।

इस मामले की शुरुआत 28 अक्टूबर को हुई, जब आवेदक संधीर कुमार पटेल ने तहसीलदार, गंडई को एक शिकायत पत्र सौंपा। शिकायत में आरोप लगाया गया कि ग्राम बुड़ासागर के ग्राम पटेल गौकरण पटेल द्वारा खसरा क्रमांक 253, 254 और 49/1 पर अवैध कब्जा किया गया है, जो शासन के नियमों का सीधा उल्लंघन है। तहसीलदार को शिकायत दिए जाने के बाद, 3 नवम्बर को आवेदक ने यह शिकायत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व विभाग को भी सौंपी।

एसडीएम को सौंपे गए ज्ञापन में मामले की गंभीरता को बढ़ाते हुए यह भी उल्लेख किया गया है कि अवैध कब्जाधारी ग्राम पटेल ने शासकीय जमीन पर धान की फसल की बोवाई भी कर दी है। शिकायतकर्ता ने एसडीएम से निवेदन किया है कि अवैध कब्जे को बेदखल करने के लिए कड़ी और त्वरित कार्रवाई की जाए।

#### कार्रवाई की जाएगी

तहसीलदार को जांच अधिकारी बनाया गया है। उनके द्वारा जांच किया जाएगा। जांच रिपोर्ट आने के बाद जांच के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

- **अविनाश ठाकुर**, अनुविभागीय अधिकारी

## चोरड़ाधाम में कार्तिक पूर्णिमा मेला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

■ बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

चोरड़ाधाम स्थित डोंगेश्वर महादेव मंदिर में दो दिवसीय कार्तिक पूर्णिमा का आयोजन किया गया। मंदिर समिति एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से हजारों श्रद्धालुओं ने शिव दर्शन कर मेला का लुत्फ उठाया। यहां स्थित शीतल जल कुंड में सुबह से स्नान करने श्रद्धालुओं का कतार लग गया था, जो कुंड में डूबकी लगाकर दीप दान करते नजर आये। वही शिव दर्शन एवं पूजन कर अपनी आस्था प्रकट किया।

यहां का कार्तिक पुन्नी मेला काफी प्राचीन मेला है। इस बार भी वनांचल सहित दूर दराज के लोग बड़ी संख्या में शामिल होकर मेला का लुत्फ उठाया। दो दिवसीय मेला में धार्मिक आयोजन में रूद्र अभिषेक, रामायण पाठ आदि का आयोजन किया गया। कार्तिक मेला में नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर साह खुशरो, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार, तिरथ चंदेल, आनंद पटेल, भीखू हिरवानी, रमेश जंघेल, पवन पटेल, प्रकाश जंघेल, अनुज साहू, गणेश राम वर्मा, रोशन जंघेल, अशोक साहू, केशलाल मंडावी, बोधन सिंह सहित क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधि भी आस्था प्रकट करने चोरड़ाधाम पहुंचे।



## कलेक्टोरेट परिसर के सौ मीटर दायरे में धरना-प्रदर्शन, जुलूस, सभा नारेबाजी प्रतिबंधित

**खैरागढ़।** जिला कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल आईएएस ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। जिसके अनुसार जिला कार्यालय परिसर और उसके चारों ओर सौ मीटर की परिधि को धरना, प्रदर्शन, जुलूस, सभा, नारेबाजी और ध्वनि विस्तारक यंत्र माइक/लाउडस्पीकर के उपयोग को लेकर प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया गया है। कलेक्टर ने बताया कि जिला कार्यालय परिसर के खाद्य, समाज कल्याण, श्रम, कृषि जैसे अन्य विभागों मे रोजाना दिव्यांगजन, वृद्धजन, महिलाएँ और आम नागरिक काम लेकर आते हैं लेकिन लगातार हो रहे धरना-प्रदर्शन और रैलियों के कारण शासकीय कार्य प्रभावित हो रहा है वहीं नागरिकों को भी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। कलेक्टर चन्द्रवाल ने कहा कि शांति, विधि व्यवस्था और सुरक्षा बनाए रखने प्रतिबंध लगाना आवश्यक हो गया है। अब कोई भी व्यक्ति या संगठन बिना विधिवत अनुमति के प्रतिबंधित क्षेत्र में धरना रैली या सभा आयोजित नहीं कर सकेगा। प्रतिबंधित क्षेत्र जिला कार्यालय परिसर के चारों ओर 100 मीटर की परिधि तक का क्षेत्र निषिद्ध गतिविधियाँ बिना अनुमति पांच से अधिक व्यक्तियों का समूह प्रतिबंधित क्षेत्र में एकत्र नहीं होगा। किसी भी प्रकार का धरना, ज्ञापन-संग्रह, या सार्वजनिक सभा नहीं की जाएगी। कोई भी व्यक्ति या संगठन यदि रैली या प्रदर्शन करना चाहता है तो उसे कम-से-कम 48 घंटे पूर्व जिला प्रशासन को लिखित आवेदन प्रस्तुत करना होगा। अनुमति केवल प्रशासन द्वारा निर्धारित स्थल पर ही दी जाएगी। किसी भी व्यक्ति को प्रतिबंधित क्षेत्र में अस्त्र-शस्त्र लेकर प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी। आदेश के उल्लंघन पर भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 188 के तहत दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## डस्टबीन का वितरण नहीं

**डोंगरगढ़।** नगर पालिका ने मार्च और अप्रैल में डस्टबीन क्रय किया था किन्तु उसका अब उपयोग नहीं किया गया है। पार्षद निधि से शहर के चौक चौराहों और वार्डो में लगाने के लिए डस्टबीन की खरीदी किया गया किन्तु न तो वार्डवासियों को डस्टबीन दिया गया और न चौक चौराहों में लगाया गया हे। अगस्त में नगर पालिका के इंजीनियर भुवनलाल कौशिक ने बताया था कि डस्टबीन को धरमशाला में रखा गया है। मांग के अनुरूप डस्टबीन का उपयोग किया जा रहा है। खरीदे गए डस्टबीन का भुगतान हो गया है। वार्ड 12 के पार्षद हरिष भंडारी ने घरों में बाटने के लिए लगभग 2 लाख के डस्टबीन खरीदने की बात स्वीकार किया है।

## क्षतिपूर्ति दिलाने संयुक्त दल करेगा निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

हाल ही में आए मोन्था तूफान और चक्रवाती वर्षा से जिले के किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ा है। कई क्षेत्रों में धान, सोयाबीन और साग-सब्जियों की फसलें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। खेतों में खड़ी फसलें गिर गईं, वहीं कटाई के बाद खेतों में रखी उपज भी करपा की चपेट में आने की आशंका जताई जा रही है।

किसानों की लगातार मिल रही जानकारी के बाद प्रशासन ने तुरंत प्रभाव से संयुक्त निरीक्षण दल का गठन किया है। इस दल में संबंधित हल्का पटवारी, ग्राम कृषि विस्तार अधिकारी, विकासखंड स्तर के बीमा कंपनी प्रतिनिधि और कृषक मित्र को शामिल किया गया है।

संयुक्त दल प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर फसलों की क्षति का मूल्यांकन करेगा। रिपोर्ट के आधार पर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और आरबीसी 6-4 के तहत पात्र किसानों को राहत दिलाने की कार्रवाई की जाएगी। अपर कलेक्टर ने सभी दलों को निर्देश दिए हैं कि वे प्रभावित ग्रामों का निरीक्षण कर सात दिनों के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करें, ताकि किसानों को जल्द से जल्द सहायता मिल सके। सभी किसानों से अपील है कि सर्वे के दौरान सर्वे किसान अपने खेत में रहें। कोई भी समस्या आने पर एसडीएम,तहसीलदार कार्यालय से संपर्क करें।



---

### शाला आधुनिक संसाधन और आकर्षक वातावरण से परिपूर्ण

# पीएमश्री विद्यालय बनने के बाद लालपुर शाला में आया विकास का नया सवेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लॉक मे 1962 से संचालित शासकीय प्राथमिक शाला लालपुर आज विकास का प्रतीक बन चुकी है। पहले जहां भवन जर्जर था और सुविधाओं का अभाव था, वहीं अब यह शाला आधुनिक संसाधनों और आकर्षक वातावरण से परिपूर्ण है। यह परिवर्तन पीएम श्री विद्यालय योजना अंतर्गत विद्यालय चयन से हुआ जिसने लालपुर के शिक्षा जगत को नई दिशा दी है। चयन के बाद मुख्यमंत्री शाला जतन योजना से भवन मरम्मत की गई। अब कक्षाएं रंगीन, स्वच्छ और प्रिंट रिच सामग्री से सुसज्जित हैं, जो बच्चों की सीखने की प्रक्रिया को रोचक बनाती हैं। शाला में डिजिटल कक्षाओं की शुरुआत की गई है, जहां टीवी और साउंड सिस्टम के माध्यम से बच्चों को नवीन पद्धति से अध्यापन कराया जा रहा है। वर्ष 2023 में जहाँ विद्यार्थियों की संख्या 56 थी, वहीं अब यह बढ़कर 80 हो गई है। बच्चे नियमित रूप से शाला आने लगे हैं और पालकों की सहभागिता में भी वृद्धि हुई है।



#### स्वच्छता और पेयजल की व्यवस्था

शाला परिसर में स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया गया है। गीले और सूखे कचरे के लिए कम्पोस्ट गड्ढे, जगह-जगह डस्टबिन, और आर.ओ. सिस्टम की सुविधा ने बच्चों को स्वच्छ पेयजल और साफ वातावरण उपलब्ध कराया है। शौचालयों में रनिंग वाटर और हैंडवॉश यूनिट लगाई गई है। बालिका शौचालय का निर्माण कार्य भी तेजी से जारी है। परिसर के चारों ओर तार फेंसिंग की गई है ताकि पौधों और परिसर की सुरक्षा बनी रहे। बागवानी के लिए क्यारियाँ और गमले लगाए गए हैं। सांसद प्रतिनिधि भागवतशरण सिंह के प्रयासों से शाला में अहाता निर्माण के लिए राशि स्वीकृत हुई है, जिससे परिसर का सौंदर्य और सुरक्षा दोनों बढ़ जाएगा।

#### संस्कृति और सृजनशीलता का मधुर संगम

बच्चों को अब म्यूजिक इंस्ट्रूमेंट की सुविधा उपलब्ध है, जिससे वे सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। प्रार्थना सभा में भी संगीत के साथ वातावरण मधुर और प्रेरणादायी बन गया है। समर कैंप जैसे आयोजन बच्चों की प्रतिभा और सर्वांगीण विकास का अवसर प्रदान कर रहे हैं। शाला के किचन शेड का पूर्ण मरम्मत कार्य किया गया है। अब गैस से भोजन बनाया जा रहा है जिससे विद्यालय पूरी तरह धुआँ रहित हो गया है। इससे मिड-डे मील की गुणवत्ता और रसोई का वातावरण दोनों बेहतर हुआ हैं। प्रधान पाठिका प्रेरणा सिंह ने बताया कि पीएम श्री विद्यालय बनने के बाद शाला का सर्वांगीण विकास हुआ है। अब बच्चे न सिर्फ पढ़ाई में, बल्कि खेलकूद, सांस्कृतिक और रचनात्मक गतिविधियों में भी सक्रिय भाग ले रहे हैं। यह विद्यालय अब पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा बन चुका है। शाला विकास में स्थानीय जनप्रतिनिधि, वार्डवासी, पालक और शिक्षा विभाग के अधिकारी निरंतर सहयोग कर रहे हैं। जिलाधीश, जिला शिक्षा अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, राज्य एवं जिला नोडल अधिकारी, बीआरसी और सीएसी के मार्गदर्शन से विद्यालय निरंतर प्रगति कर रहा है।

## वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर जिले में होगा भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

शासन के निर्देशानुसार वंदे मातरम के 150 वें वर्षगांठ अवसर पर पूरे जिले में चार चरणों में ग्राम पंचायत, जनपद, जिला व राज्य स्तरीय कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया जाएगा।

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने सभी नगरीय निकायों, ग्राम पंचायतों, शासकीय कार्यालयों, विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में उत्साहपूर्वक कार्यक्रम संपन्न कराने का निर्देश दिया हैं। आयोजन चार चरणों प्रथम 7 से 14 नवम्बर, द्वितीय 19 से 26 जनवरी, तृतीय 7 से 15 अगस्त हर घर तिरंगा अभियान के साथ और चतुर्थ चरण 1 से 7 नवम्बर समापन सप्ताह तक निर्धारित है। कार्यक्रम का शुभारंभ पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा किया जाएगा। 7 नवम्बर को सुबह 10 से 11 बजे तक दूरदर्शन के माध्यम से उद्घाटन कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। सभी शासकीय कार्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में यह प्रसारण अनिवार्य रूप से देखा जाएगा। उनके उद्बोधन बाद सामूहिक रूप से वंदे मातरम का गायन किया जाएगा।

#### कई कार्यक्रम होंगे आयोजित

जिले में वंदे मातरम के विभिन्न रूपों पर आधारित संगीत समारोह, लघु फिल्म प्रदर्शन, स्मारक डाक टिकट और सिक्का विमोचन की फिल्म, कवि सम्मेलन, चित्रकला, रंगोली एवं प्रदर्शनी जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिले के विद्यालयों में बैंड की प्रस्तुतियों के माध्यम से वंदे मातरम पर आधारित सांगीतिक कार्यक्रम आयोजित होंगा। एनसीसी, एनएसएस, स्काउट एवं गाइड के दल इन आयोजनों में सक्रिय भागीदारी करेंगे। शैक्षणिक संस्थानों में वंदे मातरम को समर्पित विशेष सभाएं, निबंध, वाद-विवाद, प्रश्नोत्तरी, पोस्टर निर्माण एवं अन्य रचनात्मक प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी, ताकि विद्यार्थियों में राष्ट्रगीत वंदे मातरम के प्रति भावनात्मक जुड़ाव और देशभक्ति की भावना को और सशक्त किया जा सके। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने सभी विभागीय अधिकारियों को इन कार्यक्रमों के सफल आयोजन को लेकर तैयारी करने और जन भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

## सार समाचार

### हिंदू जागरण मंच ने शोभायात्रा का किया स्वागत



**राजनांदगांव।** सिख धर्म के संस्थापक प्रथम गुरू तथा मानवीय एकता के महान संदेश वाहक श्री गुरूनानक देवजी जी का 556वां आगमन प्रकाश पर्व पर 5 नवंबर को मनाया गया। इससे पूर्व 3 नवंबर को गुरूद्वारा श्री गुरूसिंह सभा द्वारा शहर में पंच-प्यारों की अगुवाई में गुरू ग्रंथ साहिब की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। गुरुद्वारा परिसर से निकली शोभायात्रा तिरंगा चौक व गंज लाइन पहुंची, जहां पर हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं द्वारा शोभायात्रा का आत्मीय स्वागत किया गया। इस दौरान घोड़ों पर सवार छोटे बच्चे तथा पंच-प्यारे एवं शबद-कीर्तन करते कीर्तनी जत्थे नगर कीर्तन की शोभा बढ़ा रहे थे। हिंदू जागरण मंच ने कहा कि धरती पर एक ऐसा सितारा उतरा था। जिनके सत्य, प्रेम, सद्भावना, भाईचारे के सिद्धांत व संदेश आज मानव समाज के लिए मार्गदर्शक है। गुरुनानक देवजी ने जीवनभर मानवता और ईश्वर की प्रार्थना का संदेश दिया था। शोभायात्रा के स्वागत में सुशील लड्ढा, प्रवीण शर्मा, प्रभात गुप्ता, हेमलाल ढीमर, महेंद्र जंघेल, हरीश भानुशाली, रिंकू तिवारी, जुगल किशोर गुप्ता, राकेश, कालू भाई, रोहित तिवारी, ऋषभ मल, राज सोनकर, राज बहादुर सिंह, शिव शर्मा, दिनेश, झूलन, सविता बोस, मौसमी शर्मा एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### विस अध्यक्ष रमन ने किया उत्साहवर्धन

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद 25 वर्ष पूर्ण होने पर इस वर्ष राज्योत्सव का रजत जयंती प्रदेशभर में मनाया गया। राजनांदगांव में राज्योत्सव का तीन दिवसीय भव्य आयोजन स्थानीय सर्वेश्वरदास स्कूल मैदान में किया गया, जहां शासकीय विभागों द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित विभिन्न स्टॉल लगाए गए। राज्योत्सव में नगर निगम राजनांदगांव द्वारा भी वेस्ट टू आर्ट विषय पर स्वच्छता का संदेश देते स्टॉल लगाया गया था। राज्योत्सव के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष व विधायक डॉ. रमन सिंह ने स्टॉल अवलोकन के दौरान निगम के स्टाल में वेस्ट टू आर्ट की कलाकृतियां देख सराहना कर स्वच्छता दीदीयों का उत्साहवर्धन किया।

### अभाविप ने प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय कॉलेज परिसर में अवैध बैनर और बाहरी छात्रों की अभद्रता तथा अव्यवस्था पर अखिल भारतीय विद्यार्थी



परिषद (एबीवीपी) ने कड़ा विरोध जताते प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। अभाविप ने ज्ञापन के माध्यम से मांग रखते कहा कि छात्र युवा मंच द्वारा कॉलेज परिसर के भीतर लगाए गए अवैध स्थायी बैनर को तत्काल हटाया जाए और कॉलेज के बाहर के विद्यार्थियों के कैंपस में प्रवेश, वाहन पार्किंग तथा कॉलेज के विद्यार्थियों के साथ की जा रही अभद्रता पर तुरंत रोक लगाई जाए।अभाविप नगर मंत्री अक्षत श्रीवास्तव ने कहा कि कॉलेज परिसर शिक्षा का केंद्र है न कि प्रचार और अराजकता का स्थल। परिषद ने प्रशासन को चेताया कि यदि दो दिनों के भीतर अवैध बैनर नहीं हटाए गए और बाहरी छात्रों पर रोक नहीं लगाई गई तो एबीवीपी को उग्र आंदोलन करने बाध्य होना पड़ेगा। इस अवसर पर प्रांत साविष्कार सह-प्रमुख चांदना श्रीवास्तव, प्रांत कार्यसमिति सदस्य धनंजय पांडे, नगर सहमंत्री निकिता श्रीरंगे, प्रतीक गढ़वाल, भूपेंद्र पाल, नगर महाविद्यालय प्रमुख जीत शर्मा, नगर एसएफडी प्रमुख कुलदीप पाल, नगर राष्ट्रीय कला मंच प्रमुख युक्ता मांडवी एवं अन्य कार्यकर्ता तथा कॉलेज के विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### आदिवासी समाज प्रमुखों के पहल का स्वागत

**डोंगरगढ़।** श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर विगत दिनों मंदिर परिसर में गोंड़ समाज अध्यक्ष व




प्रदेश अध्यक्ष जनजातीय गौरव समाज एमडी ठाकुर, कंवर समाज के संरक्षक व जिला संयोजक जनजाति सुरक्षा मंच आत्मा राम चंद्रवंशी, हल्बा आदिवासी समाज के नेता भीष्म लाल उर्वशा, जिला गोंडवाना समाज के अध्यक्ष व जिलाध्यक्ष जनजाति गौरव समाज नीलचंद गढ़े, गोंड़ समाज जिला उपाध्यक्ष पंचराम पडोती, हल्बा समाज के नेता नेपाल सिंह व अन्य आदिवासी नेताओं द्वारा प्रेस कांफ्रेंस कर दिये गये व्यक्तव्य का स्वागत करते हुए कहा है हम उनके व्यक्तव्यों और सकारात्मक पहल का स्वागत करते हैं। साथ ही आदिवासी समाज के प्रमुखों द्वारा ट्रस्ट द्वारा बनाए गये नियमावली व विधान के प्रति दिये गये समर्थन के प्रति ट्रस्ट समिति ने सामाजिक प्रमुखों के साथ साथ पूरे समाज का हृदय से आभार व्यक्त किया है। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष ने आगे कहा कि मंदिर में सनातन हिन्दू धर्म को मानने वाले सभी समाज और माता जी के सभी भक्तों हमेशा स्वागत है, सभी अपनी परम्पराओं का पालन करते हुए ट्रस्ट समिति द्वारा निर्धारित स्थल से पूजन कार्य कर सकते हैं, उनका हमेशा स्वागत है। मां बम्लेश्वरी मंदिर परिसर का विकास ही डोंगरगढ़ शहर एवं ग्रामीण अंचल के विकास का आधार है। हम सब को मिल जुल कर विकास कार्यों को और गति प्रदान करना है। ट्रस्ट समिति के बायलाज (नियमावली) के अनुसार ही ट्रस्ट का संचालन किया जा रहा है। और ट्रस्ट समिति द्वारा निर्धारित नियमों को मानते हुए ही हमें माता जी का दर्शन लाभ प्राप्त करना चाहिए। जिससे मंदिर की अक्षुण्णता और परम्परा बरकरार रहे।

### युवाओं का किया फिजिकल टेस्ट

**राजनांदगांव।** भूतपूर्व सैनिक कल्याण संगठन राजनांदगांव द्वारा संचालित शिखर डिफेंस एकेडमी द्वारा तुमड़ीबोड में विगत 4 नवंबर को निःशुल्क



फिजिकल ट्रेनिंग युवाओं को दी गई। मंगलवार को युवाओं का फिजिकल टेस्ट और मेडिकल टेस्ट लिया गया, आने वाले समय में निःशुल्क लिखित परीक्षा की तैयारी करवाई जाएगी और डिफेंस सेक्टर में भर्ती होने के इच्छुक युवाओं को संगठन द्वारा हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

## पानी जांच में ठेकेदार द्वारा लापरवाही किए जाने का मामला आया सामने

# वाटर सप्लाई में क्लोरीन की मात्रा कम लैब की जांच में सामने आया मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मोहरा जल शोधन संयंत्र से पानी फिल्टर कर शहर की जनता को सप्लाई किया जाता है। बीते दिनों फिल्टर प्लांट में ठेकेदार द्वारा पानी साफ करने के लिए लापरवाही का मामला सामने आया है। इसके बाद शुद्ध पेयजल को लेकर सवाल उठ रहे हैं। यहां पर बनाया गया टेस्टिंग लैब भी बंद पड़ा हुआ है और पानी की जांच लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के वॉटर टेस्टिंग लैब में कराई जा रही है। हालांकि नगर निगम द्वारा यहां दिए जाने वाले सैंपल में हानिकारक बैक्टीरिया नहीं पाया गया है, लेकिन कुछ क्षेत्रों से भेजे गए सैंपल में क्लोरीन की मात्रा कम पाई गई है। वहीं कुछ क्षेत्रों में क्लोरीन की पर्याप्त मात्रा मिली है।

मोहरा जल संयंत्र में तीन फिल्टर प्लांट संचालित है। यहां अमृत मिशन के तहत पानी की जांच के लिए लैब तो बनाया गया, लेकिन उसका संचालन नहीं हो पाया। जिसकी वजह से वर्तमान में लैब बंद है और नगर निगम द्वारा पानी की जांच पीएचई विभाग के माध्यम से कराई जाती है।

#### पहुंच रहा कम क्लोरिन

बीते दो-तीन दिन पूर्व नगर निगम के माध्यम से पीएचई को जांच के लिए दिए गए सैंपल में वार्ड नंबर 16 के एक क्षेत्र में क्लोरीन की मात्रा नील पाई गई। मिली जानकारी के अनुसार पेयजल में क्लोरीन 0.2 से 1.0 के मध्य होना चाहिए, लेकिन शहर के कुछ क्षेत्रों में क्लोरीन की मात्रा कम पाई जा रही है। बीते दिनों भी बसंतपुर क्षेत्र में फैले पीलिया के दौरान पानी जांच में क्लोरीन 0.1 के करीब पाया गया था।



#### पानी की हो रही है मुख्य जांच

पानी की गुणवत्ता जांचने के लिए लगभग 21 प्रकार की जांच होती है, लेकिन नगर निगम द्वारा मुख्य तौर पर ही 5-7 प्रकार की जांच करने नमूना पीएचई को जाता है। लंबे समय से पानी की मुख्य जांच ही कराई जा रही है।

#### अवकाश पर नहीं होती जांच

नगर निगम के माध्यम से प्रतिदिन पीएचई के लैब में पानी टेस्ट कराया जाता है, लेकिन शनिवार-रविवार अवकाश के दिन लैब बंद होने के चलते पानी की जांच नहीं हो पाती है। वहीं लैब टेक्नीशियन के अवकाश पर रहने पर भी पानी की जांच नहीं होती है।

#### पानी सुरक्षित, टेस्ट का भुगतान नहीं

पानी की जांच के लिए विभाग को लगभग 720 रुपए का शुल्क के देना होता है। इसमें आर्सेनिक, क्लोराइड, नाइट्रोजन, सल्फेट सहित विभिन्न जांच की जाती है। निगम द्वारा पानी का लगभग 7 पैरामीटर में टेस्ट कराया जा रहा है, जो टेस्ट में सुरक्षित है, लेकिन इस टेस्ट के लिए अब तक विभाग को भुगतान नहीं होना बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि वर्षों से पानी टेस्ट का भुगतान नहीं हुआ है। जिसका बकाया लगभग 20 लाख से अधिक का होगा।

#### क्लोरीन की कमी से सूक्ष्मजीव

पानी में क्लोरीन की कमी से सबसे हानिकारक बैक्टीरिया और सूक्ष्मजीव पनप सकते हैं। जिससे हैजा, टाइफाइड और हेपेटाइटिस जैसी जलजनित बीमारियां हो सकती है। क्लोरीन का उपयोग इन सूक्ष्म जीवों को मारने और पीने के पानी को कीटाणुरहित करने के लिए किया जाता है, ताकि यह सुरक्षित रहे। क्लोरीन की कमी को दूर करने के लिए पानी उबालकर पीने सलाह जाती है।

## धान फसल नहीं लेने से बढ़ेगा जलस्तर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जल संरक्षण के लिए चल रहे हरियाली बाहिनी नीर और नारी



जलयात्रा में महिलाओं के साथ ही पुरुषों के समर्थन से अभियान को कामयाबी मिलने लगी है। सितंबर 2025 से फसल परिवर्तन कर कम पानी वाले फसल लेने 60 गांव से अधिक गांव में फसल संगोष्ठी कर जल यात्रा की गई। लगातार प्रयास से किसान पानी के महत्व को समझने लगे।

वे रबी में धान के बदले अन्य फसल, जो कम पानी में फसल तैयार हो जाता है, उसे लेने बढ़-चढ़कर सामने आ रहे हैं। रामपुर और कुहीकोड़ा ब्लॉक डोंगरगढ़ में पद्मश्री फूलबासन यादव, शिवकुमार देवांगन, जानिया साहू, सरपंच रत्ना ठाकुर, जाफर अली, कृषि विस्तार अधिकारी प्रीति साहू, बिहान केडर, महिला समूह, पंच सहित ग्रामवासी की उपस्थिति से कार्यक्रम किया गया। पद्मश्री फूलबासन यादव ने कहा कि धान के फसल नहीं लेने से जल स्तर को बढ़ाया जा सकता है।

## राजीवनगर में लगेगा हैल्थ कैम्प



**राजनांदगांव।** राजीव नगर वार्ड में नल में गंदा पानी आने तथा संक्रामक बीमारी फैलने की शिकायत पर महापौर मधुसूदन यादव सोमवार सुबह नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा तथा तकनीकी व स्वास्थ्य अमला के साथ वार्ड का निरीक्षण कर लिकेज पाईप लाइन की जांच व साफ-सफाई करने के साथ क्लोरिन टेबलेट वितरण करने एवं हैल्थ कैंप लगाने के निर्देश दिए।

आयुक्त विश्वकर्मा ने कहा कि श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र जहां संक्रामक बीमारी फैलने की आशंका होती है, वहां नियमित रूप से पाईप लाइन चेक करें। साथ ही फिल्टर प्लांट में पानी में क्लोरिन की मात्रा नियमित रूप से जांच करें, एलम का पर्याप्त भंडारण रखें। उन्होंने कहा कि जल संयंत्रों की भी समय-समय पर सफाई करें, मशीनों की मरम्मत करना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान पार्षद अमृता सिन्हा, सांसद प्रतिनिधि देवशरण सेन, पार्षद प्रतिनिधि राजेश यादव सहित वार्डवासी एवं निगम का तकनीकी एवं स्वास्थ्य अमला उपस्थित था।

## अवैध निर्माण बिना किसी पेनाल्टी के वैध करेगा प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

म्युनिस्पल स्कूल पूर्व गांधी सभागृह में बने 12



व्यवसायिक दुकानों पर आपत्ति जाहिर करते पूर्व पार्षद कुलबीर सिंह छाबड़ा ने निगम प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते कहा कि आयुक्त नगर पालिक निगम द्वारा सर्वेश्वरदास स्कूल खसरा नं.166/2 में वर्ष 2018 में व्यवसायिक परिसर निर्माण के लिए निविदा आमंत्रित की गई है।

वर्ष 2020 में निर्माण कार्य का पूर्णता प्रमाण पत्र ठेकेदार को दे दिया गया। वर्ष 2024 में नगर पालिक निगम आयुक्त द्वारा खसरा नं. 166/2 में 12 निर्मित दुकानों की भूमि 7296 वर्गफुट की मांग भूमि आबंटन के लिए तहसीलदार के समक्ष आवेदन दिया गया है, जिस पर तहसीलदार द्वारा उपसंचालक नगर तथा ग्राम निवेश विभाग, नजूल विभाग, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं अन्य संबंधित विभागों से भूमि आबंटन हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र की मांग की गई है, जिस पर अनापत्ति प्रमाण पत्र उपसंचालक नगर तथा ग्राम निवेश, नजूल विभाग, अनुविभागीय अधिकारी द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र दिया गया है एवं अन्य कुछ विभाग द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र दिया, जिस पर तहसीलदार कार्यालय द्वारा भूमि आबंटन की सहमति का प्रकरण उपसंचालक नगर तथा ग्राम निवेश विभाग, नजूल विभाग, अनुविभागीय अधिकारी द्वारा प्रकरण की नस्ती में सहमति जताते कलेक्टर से सहमति लेकर आयुक्त नगर पालिक निगम को खसरा नंबर 166/2 में से 7296 वर्गफुट भूमि नगर निगम को आबंटित कर दी।

श्री छाबड़ा ने कहा कि छह साल से नगर निगम द्वारा बनाए गए म्युनिस्पल स्कूल में व्यवसायिक परिसर अवैध निर्माण रहा है, जिस पर तहसीलदार, उपसंचालक नगर तथा ग्राम निवेश, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), नजूल अधिकारी ने अवैध निर्माण पर कोई कार्रवाई नहीं करते भूमि आबंटन की सहमति दे दी, जिस प्रकार इस अवैध व्यवसायिक परिसर दुकानों की जमीन को दुकानें बनने के छह साल बाद अवैध निर्माण को वैध करते तथा बिना कोई दंडात्मक कार्रवाई करते भूमि को आबंटित कर दिया। टाउन प्लानिंग (मास्टर प्लान) के नियमों को भी दरकिनार कर दिया।

#### लागू होगा नियम

श्री छाबड़ा ने कहा कि यह नियम नागरिकों के लिए भी लागू होगा। यदि किसी नागरिक ने बिना अनुमति के यह ले-आउट में लेट होने से कोई भी निर्माण किया है तो यह अवैध निर्माण भी वैध इसी प्रकार होगा। जैसे नगर निगम द्वारा म्युनिस्पल स्कूल में बनाए गए अवैध व्यवसायिक परिसर को तहसीलदार, उपसंचालक नगर तथा ग्राम निवेश, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), नजूल अधिकारी और कलेक्टर ने वैध किया है। जनता के लिए भी यही नियम लागू होना चाहिए और नागरिकों को जो कि ले-आउट या अतिक्रमण, अवैध निर्माण में नोटिस का सामना कर रहे हैं तो मेरे पास यह दस्तावेज है। जिनके आधार पर सर्वेश्वरदास स्कूल में अवैध परिसर को वैध किया गया है। इसी आदेश के तरह जनता के बनाए हुए निर्माण किए हुए मकान, परिसर भी बिना पेनाल्टी, जुर्माना दिए प्रशासन को वैध करना पड़ेगा। नागरिक चाहेंगे तो मैं उनके साथ इन दस्तावेजों को लेकर चलने तैयार हूं, जिनसे इन्हें राहत मिलेगी।

## मोतीपुर तालाब में जुटे श्रद्धालु महाआरती के साथ दीपदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के मोतीपुर में मां संतोषी, शंकर, हनुमान मंदिर समिति द्वारा कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर ब्रह्म मुहूर्त में अलसुबह 2100 सौ दीपों के साथ काई तालाब में महापौर मधुसूदन यादव की अगुवाई में मां गंगा, मां नर्मदा व भोले बाबा की महाआरती संपन्न हुई।

वार्डवासी एवं समाजसेवी मदन मंटू यादव ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कार्तिक पूर्णिमा पर स्थानीय तालाब व वृक्षों को आकर्षक विद्युत लाइटों, पोस्टर से सजाया गया था। उन्होंने बताया कि महाआरती के समय तालाब के चारों ओर 2100 दीपक जलाए गए। जिससे अद्भुत नजारा दिखाई दिया।



#### खुशहाली की कामना

आयोजन में श्रद्धालुओं ने सुबह साढ़े पांच बजे दीपदान किया और पर्यावरण की सुरक्षा का संकल्प लिया। इस दौरान भव्य आतिशबाजी की गई। महाआरती पश्चात महापौर द्वारा तालाब में दीपदान कर शहरवासियों की सुख-समृद्धि की कामना कर मंदिर में पूजा-अर्चना कर खीर प्रसादी का वितरण कराया गया। महापौर ने कार्तिक पूर्णिमा की बधाई देते कहा कि सनातन धर्म में कार्तिक पूर्णिमा के दिन देव दिवाली का पर्व मनाया जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन देवता धरती पर आते हैं और मां गंगा की आरती करते है।

#### बड़ी संख्या में शामिल हुए वार्डवासी

इस आयोजन के दौरान वार्ड पार्षद मनोहर यादव, गोवर्धन जंघेल, दीपक साहू, जयकिशन जंघेल, धर्मराज यादव, चंद्रकात जंघेल, रित यादव, रामनाथ रामटेके, महेन्द्र यादव, हीरा वर्मा, गोलू पटेल, संतोष निर्मलकर, तुकाराम सेन, दीपक जंघेल, गज्जू गढ़ेवाल, गौरव महाराज, गौरव, मोहित, राजेश जंघेल, एनकुमार साहू, संजय, गज्जू सिन्हा, शुभम, सोनू मानिकपुरी, अमर सेन, बल्ला रजक सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी माताएं, बहने, युवा व बच्चे शामिल हुए।

## अर्थशास्त्र परिषद का गठन



**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के अर्थशास्त्र विभाग में अर्थशास्त्र परिषद का गठन किया गया। उक्त कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के मार्गदर्शन एवं अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सुमीता श्रीवास्तव के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम में अतिथि वक्ता प्रोफेसर डॉ. के. पद्मावती रही। कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ. सुमीता श्रीवास्तव ने स्वागत उद्बोधन दिया एवं प्रावीण्यता के आधार पर मनोनीत पदाधिकारियों के नाम की घोषणा की। अध्यक्ष हेमराज, उपाध्यक्ष ऐश्वर्या जैन, सचिव कविता मंडावी, सह-सचिव युक्ता शर्मा एवं प्रियदर्शनी धुर्वे मनोनीत हुए। मुख्य वक्ता डॉ. पद्मावती ने अमर्त्य सेन जयंती के उपलक्ष्य में डॉ. अमर्त्य सेन के विचारों की प्रासंगिकता वर्तमान भारतीय परिप्रेक्ष्य में विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। डॉ. पद्मावती ने स्किल को महत्वपूर्ण बताते इसके डेवलपमेंट पर अपने विचार प्रस्तुत किए। स्किल डेवलपमेंट के साथ शिक्षा और स्वास्थ्य के विकास की उन्होंने बात की। यदि नागरिक शिक्षित और स्वास्थ्य की दृष्टि से मजबूत हैं तो देश का विकास संभव है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मीना प्रसाद द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ. खेमारानी दुबे, डॉ. दिनेश प्रसाद समेत एमए प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ. महेश श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

## दीपावली मिलन समारोह 8 को

**राजनांदगांव।** नगर निगम के सेवानिवृत कर्मचारी संघ द्वारा पेंशनर कर्मचारियों की दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। आगामी 8 नवंबर दोपहर 2 बजे स्थानीय टाउन हॉल सभागृह में दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा। जिसमें संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ. डीसी जैन कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। आयोजन में सेवानिवृत कर्मचारी संघ के अध्यक्ष दुर्गाराम साहू ने समस्त पेंशन कर्मचारियों से उपस्थिति की अपील की है।




## दुर्गा मोती माता मंदिर परिसर में पुन्नी महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

अंबागढ़ चौकी विकासखंड के ग्राम देवरसुर स्थित प्राचीन दुर्गा मोती माता मंदिर में कार्तिक पूर्णिमा अवसर पर दो दिवसीय भव्य पुन्नी महोत्सव का आयोजन 4 व 5 नवंबर को किया गया। इस दौरान जसगीत, भक्तिमय डांस और रंगारंग झांकियों का प्रदर्शन हुआ। जिससे क्षेत्रीय श्रद्धालुओं की आस्था और उत्साह बना रहा।

महोत्सव की शुरूआत 4 नवंबर को रात्रि 8 बजे जसगीत एवं भक्तिमय रिकॉर्डिंग डांस कार्यक्रम से हुई, जो सुबह 4 बजे पुन्नी स्नान तक अनवरत चलता रहा। अगले दिन 5 नवंबर को सुबह 10 बजे से प्रसिद्ध मां शीतला जस झांकी परिवार रेवाडीह राजनांदगांव तथा जय अंबेश्वरी जस झांकी मोंगरा की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुई। मंदिर के पुजारी नारायण सलामे ने बताया कि पुरातन काल में चांदा राज व अंबागढ़ जमींदारी क्षेत्र की प्रमुख देवी शक्ति दुर्गा मोती माता का यह मंदिर प्राचीन एवं चमत्कारी शक्तिपीठ मे से एक है। यहां सैकड़ों वर्षों से माता की पत्थर निर्मित मूर्ति केवल धड़ के रूप में, बिना सिर के दुर्लभ स्वरूप में विराजमान है। क्षेत्रवासी हर सुख-दुख में माता के समक्ष प्रथम अर्जी लगाते हैं। श्रद्धालुओं का अटूट विश्वास है कि माता भक्तों के सभी कष्ट हरती है और मनोकामनाएं पूर्ण करती है।

#### आस्था का केंद्र



मंदिर समिति के सचिव संतोष हारमे ने कहा कि दुर्गा मोती माता का यह पवित्र धाम कई पीढ़ियों से क्षेत्रवासियों के लिए आशा और विश्वास का प्रतीक रहा है। पिछले 28 वर्षों से चैत्र नवरात्र में ज्योत स्थापित की जा रही है। पुन्नी स्नान के लिए बढ़ती आस्था को देखते पिछले वर्ष से 12 गांव की सहभागिता से मंदिर परिसर में पुन्नी महोत्सव आयोजित हो रहा है।

#### दिव्य शक्तियों का संगम

मान्यता अनुसार दुर्गा मोती माता का सिर आंगर मोती माता के रूप में गंगरेल बांध तट पर विराजमान है, इसलिए आंगर मोती माता को बड़ी बहन और दुर्गा मोती माता को छोटी बहन माना जाता है। चांदागढ़ राज की रक्षक इन दोनों दिव्य शक्तियां सदियों से भक्तों के कष्ट दूर कर उनकी पुकार सुन रही है।

#### कार्तिक पूर्णिमा स्नान का विशेष महत्व

देव-देवारी अर्थात कार्तिक पूर्णिमा पर मंदिर के निकट प्राचीन देव तालाब में स्नान और माता के समक्ष अर्जी लगाने का विशेष महत्व है। इस दिन श्रद्धालु स्नान कर मनोकामनाएं अर्पित करते हैं। भक्तों का विश्वास है कि यह पवित्र स्नान व अर्जी से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है।



### मेडिकल कॉलेज में विशेषज्ञ चिकित्सकों की पदस्थापना से जिले में स्वास्थ्य सुविधाएं होंगी सुदृढ़

# विजय शर्मा के प्रयासों से मेडिकल कॉलेज के लिए 60 पदों की मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के दूरदर्शी नेतृत्व और उपमुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक विजय शर्मा की सतत पहल से जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना का सपना अब साकार होने की दिशा में बड़ा कदम बढ़ गया है। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा के विशेष प्रयासों से राज्य शासन के चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा नवीन मेडिकल कॉलेज के लिए 60 शिक्षकीय एवं कार्यालयीन पदों की स्वीकृति प्रदान की गई है। यह निर्णय जिले के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है, जो जिले की स्वास्थ्य सेवाओं, चिकित्सा शिक्षा और रोजगार अवसरों को नई ऊंचाई देगा। यह कॉलेज न केवल आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं को ग्रामीण अंचलों तक पहुंचाने में सहायक होगा, बल्कि कबीरधाम जिले को प्रदेश के चिकित्सा मानचित्र पर एक नई पहचान भी दिलाएगा। राज्य शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार स्वीकृत पदों में डीन का 01 पद, प्राध्यापक 07, सह प्राध्यापक 08, सहायक प्राध्यापक 10, सीनियर रेसिडेंट 05, जूनियर रेसिडेंट 05, प्रशासकीय अधिकारी 01, लाइब्रेरियन 01, कार्यालय अधीक्षक 01, सहायक कार्यालय अधीक्षक 01, मेडिको सोशल वर्कर 03, स्टेनोग्राफर ग्रेड-3 01, टेक्नीशियन 10, सहायक ग्रेड-2 01, सहायक ग्रेड-3 02, डिसेक्शन हॉल अटेंडेंट 01 तथा भृत्य के 02 पद शामिल हैं। यह स्वीकृति उपमुख्यमंत्री के सतत प्रयासों और पहल का परिणाम है। उन्होंने जिले में चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को अपनी प्राथमिकता में रखा है। जिले के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने उपमुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक विजय शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह मेडिकल कॉलेज कबीरधाम के सर्वांगीण विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। यह केवल एक प्रशासनिक स्वीकृति नहीं, बल्कि स्वस्थ, सशक्त और शिक्षित भविष्य की आधारशिला है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश के प्रत्येक जिले को चिकित्सा सुविधाओं से सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि कबीरधाम में मेडिकल कॉलेज की स्थापना जिलेवासियों का सपना था, जो अब साकार होने की दिशा में निर्णायक रूप से आगे बढ़ चुका है। यह कॉलेज जिले के स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में नए अध्याय की शुरुआत करेगा।

#### जिले में ही मिलेगी उन्नत स्वास्थ्य सुविधाएं




जिले के विकास यह निर्णय एक मील का पत्थर साबित होने जा रहा है। उपमुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक विजय शर्मा के अथक प्रयासों से जिले में प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज की स्थापना को लेकर 60 शिक्षकीय एवं कार्यालयीन पदों की स्वीकृति मिलने के बाद अब कबीरधाम में उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं, आधुनिक लैब, अत्याधुनिक उपकरण और शोध सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इससे जटिल बीमारियों के इलाज के लिए अब मरीजों को बड़े शहरों की ओर पलायन नहीं करना पड़ेगा।

#### जिलेवासियों में खुशी की लहर

इस ऐतिहासिक निर्णय के बाद कबीरधाम जिले में हर्ष और गर्व का वातावरण है। जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, युवाओं और नागरिकों ने इस घोषणा का स्वागत करते हुए उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया।

# गौमाता को राज्य माता का सम्मान मिले और गौचर भूमि खाली कराएं सरकार: पं. आनंद उपाध्याय



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

वेद श्रीवास्तव के निज निवास में आयोजित श्री शिव महापुराण की कथा में शंकराचार्य के शिष्य धर्मान्सद पं आनंद उपाध्याय ने कहा कि परब्रह्म परमात्मा शिव धर्म रुपी नंदी में विराजमान होते हैं इसका अर्थ है कि जहां धर्म होगा जहां धर्म के आधार नंदी सहित समस्त गौवंश की सेवा होती है, वहां भगवान शिव जी आते हैं। गौमाता और नंदी की सेवा से शिवतत्व प्रसन्न हो जाते हैं और कृपा करके शिवज्ञान प्रदान करते हैं। गौ तंत्र के अनुसार भगवान शिव जी ही संसार के कल्याण के लिए नंदी बने हैं और माता पार्वती गौमाता बनी हैं।

प्रजापति दक्ष ने माता दुर्गा को तपस्या कर पुत्री के रूप में पाया। माता सती ने नंदा व्रत करके शिव जी को पति के रूप में पाया। तप और भक्ति से भगवान को पाया जा सकता है। वर्तमान समय में गौवंश की बहुत अधिक उपेक्षा हो रही है, सनातन की जड़ गौमाता है। अतः गौ सेवा व गौ रक्षा परम आवश्यक है, जो गौ रक्षक कसाई से 100 या उससे अधिक गौ वंश को छुड़ाकर सेवा करता है वह भगवान शिव जी के समान हो जाता है ऐसे गौ रक्षक को देवता भी प्रणाम करते हैं। ऐसे गौ रक्षक के दर्शन से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। ऐसा गौ रक्षक मोक्ष पाता है। उन्होने बताया कि गौ कथा सुनने से पाप नष्ट होता है। गौमाता और नंदी की सेवा करने से धर्म अर्थ काम और मोक्ष की प्राप्ति होती है। भक्ति ज्ञान और वैराग्य मिलता है, निष्काम भाव से भगवान मानकर गौ वंश की सेवा करता है वो भगवान को भी प्राप्त कर सकता है। गौमाता की पूजा, परिक्रमा और सेवा करने से सभी देवी-देवताओं का पूजन हो जाता है। सभी तीर्थों में स्नान का फल प्राप्त होता है। गौमाता की सेवा से सुख सम्पत्ति मिलती है और मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। गौमाता के रज का मस्तक में तिलक लगाने से गंगा स्नान का फल मिलता है और पाप नष्ट हो जाता है। गाय के गोबर का तिलक लगाने से भूत-प्रेत, डाकिनी शाकिनी सब दूर रहते हैं। गौमाता की हत्या पूरे देश में बंद हो।

छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार के द्वारा गौमाता को राज्य माता का सम्मान तुरंत देना चाहिए। हम लोगों को प्लास्टिक का उपयोग नहीं करना चाहिए। प्लास्टिक को रास्ते में फेंकने से गौमाता उसे खा लेती है और मर जाती है। इसलिए झिल्ली और प्लास्टिक को घर के बाहर ना फेंके। गौ माता के चारा पैरा पलारी को जलाना नहीं चाहिए, इससे गौशाला या गौ सेवक को देना चाहिए, गौमाता के चारा पैरा जलाने से बहुत पाप लगता है। गौ हत्या बंद कराने के लिए सभी को गौ मतदाता बनना चाहिए। गाय बचेगी देश बचेगा। गौमाता बचेगी तो मानव समाज बचेगा। जहां गौमाता और नंदी की हत्या होती है गौ वंश को पीड़ा पहुंचाया जाता है वहां भूकंप, महामारी, अतिवृष्टि अनावृष्टि होती है, समाज में भय का वातावरण रहता है लोग दुःखी रहते हैं। इसलिए यदि सुख शांति चाहिए तो गौ हत्या बंद करके श्रद्धा और प्रेम से गौमाता की सेवा पूजा करनी चाहिए। सभी को जहां तक संभव हो गौमाता का पालन करना चाहिए। आज गौमाता कहां खड़े हो? कहां जाए, कहां रहे गौचर भूमि पर कब्जा हो गया है अतः गौचर भूमि खाली हो, सरकार को गौचर भूमि खाली कराना चाहिए। गौचर भूमि खाली करने से बहुत पुण्य मिलता है। सभी समस्या का हल गौ सेवा गौ को चारा और जल है।

## खबर संक्षेप

### हॉप नदी में गौरी-गौरा विसर्जन किया गया



**हरिभूमि कुण्डा।** धर्म नगरी कुण्डा में भक्तों ने गौरा-गौरी मूर्ति स्थापित कर विधि विधान पूजा अर्चना कर उत्साह मनाया गया

दीपावली के अगले दिन याने देव उठनी एकादशी पर छत्तीसगढ़ और अन्य पारंपरिक क्षेत्रों में गौरा गौरी का मूर्ति रख कर विधि विधान से पूजा अर्चना कर एवं नाचते गाते हुए गौरा गौरी उत्साह मनाया गया।

प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी ग्राम कुण्डा के जगमल चौक एवं रामपुरपारा में गौरा गौरी पूजन कार्यक्रम समाज द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें भगवान शिव एवं पार्वती का विवाह हुआ जिसमें शिव भक्तगण भगवान शिव का नाचते गाते एवं आतिशबाजी करते हुए बरात निकली गई। वहीं गुरुवार विधिवत पूजा अर्चना पश्चात विसर्जन हेतु आतिशबाजी करते शोभा यात्रा के रूप में ग्राम भ्रमण करते हुए हॉप नदी में विसर्जित किया गया।

### क्षेत्र में कार्तिक पूर्णिमा पुन्नी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया की ग्राम कोलेगांव निवासी शैलेंद्र शर्मा के घर में पुन्नी के पावन अवसर पर छत्तीसगढ़ी परंपरा के अनुसार शैलेन्द्र शर्मा द्वारा विधि विधान से गौ माता का पूजा अर्चना का सुख, शांति व समृद्धि एवं घर में खुशहाली की कामना करते हुए गौ-माता का पूजा अर्चना किया गया। जिसमें बाबूराम यादव, महेश यादव, नक्शेद यादव, राम यादव, बैगा यादव द्वारा अपने टोली के साथ दोहा लगाकर गौ माता को सुहाई पहनाया गया। जिसमें गायों, बैलों को सोहई बांधने की परम्परा आदिकाल से चली आ रही है। जो दिवाली के दूसरे दिन गोवर्धन पूजा से लेकर कार्तिक पूर्णिमा तक चलती है। इस दिन यदुवंशी गाय, बैल और भैंसों के गले में खास तरह का आभूषण पहनाते हैं जिसे सोहई और भागर कहा जाता है। इसे पहनकर गाय, बैल और भैंस काफी आकृषित दिखते हैं। सोहई मोर पंख, कौड़ियों, जूट की रस्सी, रंगीन प्लास्टिक की रस्सी और रंगीन कपड़ों के टुकड़ों का इस्तेमाल कर सोहई और भागर बनाया जाता है। कई क्षेत्रों में इसे गोवर्धन पूजा के दिन पहनाया जाता है। कई क्षेत्रों में एकादशी के दिन तथा कार्तिक पूर्णिमा के दिन गाय, बैल, भैंस को पहनाया जाता है।

# देव-दीपावली महोत्सव 51,000 दीपों से जगमगाया जानकी रमण देवालय



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

धर्म नगरी कवर्धा में इस बार देव-दीपावली का पर्व अभूतपूर्व भव्यता और धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। प्रभु जानकी रमण देवालय प्रांगण में 51,000 दीपों से जगमगाते नजारे ने पूरे क्षेत्र को दिव्य आभा से भर दिया। इस दौरान गौमाता राज्य माता का भव्य चित्र दीपों की सजावट से साकार किया गया, जिसने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। इस विशेष अवसर पर छत्तीसगढ़ के प्रथम दंडी स्वामी ज्योतिर्मयानंद महाराज, जो जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज के शिष्य हैं और उन्होंने देव-दीपावली के महत्व पर प्रवचन दिया। उनकी उपस्थिति से आयोजन का आध्यात्मिक महत्व और भी बढ़ गया। कार्यक्रम का संचालन उमंग पांडेय ने किया, जबकि चंद्रप्रकाश उपाध्याय ने सभी सहयोगियों और उपस्थित श्रद्धालुओं का आभार जताते हुए देव दीपावली महोत्सव का समापन किया।

#### शंकराचार्य जन-कल्याण न्यास का ऐतिहासिक आयोजन

इस देव-दीपावली का आयोजन शंकराचार्य जन कल्याण न्यास के तत्वाधान में किया गया। ज्योतिर्मयमठ के सीईओ चंद्रप्रकाश उपाध्याय ने बताया कि यह कार्यक्रम कवर्धा के सनातन समाज के लिए गर्व का अवसर है। आयोजन को सफल बनाने में डॉ पवन मिश्रा, अतुल देशलहरा, बंटी तिवारी, उमंग पांडेय, डॉ सीयाराम साहू, मोतीराम चंद्रवंशी, हरिहर उपाध्याय और विक्की गुप्ता सहित कई पदाधिकारियों ने अहम भूमिका निभाई।

#### 21-21 दीप लेकर पहुंचे श्रद्धालु

कार्यक्रम की संयोजक स्मृति उपाध्याय ने बताया कि कवर्धा की माताएं और बहनें देव-दीपावली का बेसब्री से इंतजार करती हैं। इस वर्ष सभी परिवारों ने अपने घरों से 21-21 दीप लेकर मंदिर में अर्पित किए। पूरे परिसर में श्रद्धा और भक्ति का अनोखा संगम देखने को मिला।

### हास्य जुगलबंदी कार्यक्रम से दर्शकों का मन मोह लिया



**हरिभूमि कवर्धा।** राज्योत्सव-2025 में अंचल के सुप्रसिद्ध हास्य कलाकार कवि द्वय कौशल साहू, लक्ष्य व अनुप श्रीवास्तव ने अपनी हास्य जुगलबंदी कार्यकम से दर्शकों का मन मोह लिया। छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर पीजी कॉलेज कवर्धा ग्राउंड में आयोजित राज्योत्सव में हास्य की विविध प्रस्तुतियों ने खूब तालिया बटोरी। प्रस्तुति में लोकरंग, प्रसिद्ध हस्तियों और वाद्ययंत्र की प्रस्तुति ने ध्यान आकर्षित किया। इसके पहले भी प्रदेश और प्रदेश के बाहर अनेक संस्थाओं द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में सफल प्रस्तुति देते आ रहे है, विभिन्न टीवी चैनलों आकाशवाणी एवं विभिन्न महोत्सव राजिव लोचन महोत्सव, सिरपुर महोत्सव, जाजजल्वदेव महोत्सव भोरमदेव महोत्सव, डोंगडगढ़ महोत्सव, नागपुर व्यापार मेला, सरस मेला सहित अनेक स्थानों में सफल प्रस्तुति देते आ रहे है। जिला प्रशासन की ओर से डिप्टी कलेक्टर आरबी देवांगन ने राज्योत्सव में प्रस्तुति के लिए स्मृति चिन्ह एवं भेंटकर जिला प्रसाशन की ओर से सम्मानित किया है एवं सफल प्रस्तुति के लिए ईष्ट मित्रों ने बधईयां दी।

# कर्मचारी हड़ताल पर बैठे, धान खरीदी के लिए ट्रायल नहीं हो सका



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले में 15 नवंबर से धान खरीदी की शुरुआत होने वाली है। इससे पहले जिले के सभी 108 खरीदी केन्द्र में चार सूत्रीय मांगों को लेकर 700 से ज्यादा कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। ये संभाग स्तर पर दुर्ग में धरना दे रहे हैं। ऐसे में अब धान खरीदी संकट में दिखाई दे रहा है। संघ के कहना है कि मांगों को लेकर कई बार ज्ञापन सौंपा है, इसके बाद भी मांगों पर कोई पहल नहीं की गई। हड़ताल से खरीदी पूर्व होने वाला ट्रायल बंद है। खरीदी के लिए उपयोग होने वाले सॉफ्टवेयर को रन नहीं किया जा सका है। कई केन्द्र के फड़ में हाल में हुए बारिश के कारण पानी भरा हुआ है। बारदाना की सप्लाई भी पूरे केन्द्र में नहीं हुई है। क्योंकि किसी भी समिति में कर्मचारी नहीं है। संघ के जिलाध्यक्ष घनश्याम चंद्रवंशी ने बताया कि जब तक हमारी मांगों को पूरा नहीं किया जाता तब तक ये हड़ताल जारी रहेगी। 12 नवंबर से रायपुर के ग्राम तुता में प्रदेश स्तर पर धरना देने की तैयारी थी। लेकिन वहां के प्रशासन ने हमें अनुमति नहीं दी। इस कारण धरने पर बैठे हैं। इस हड़ताल में सभी केन्द्र के समिति प्रबंधक, कम्प्यूटर ऑपरेटर, विक्रेता, लिपिक, चौकीदार समेत अन्य कर्मचारी शामिल हो रहे हैं। केन्द्रों में कोई काम नहीं हो रहा है। स्थिति ऐसी है कि किसानों के पंजीयन नहीं हो रहा है। इस कारण किसानों को दिक्कत हो रही है। वर्ष संघ के नेताओं ने बताया कि उनकी प्रमुख मांग धान खरीदी 2025-26 के लिए धान सुखत का प्रावधान किया जाए। एमपी सरकार की तर्ज पर छग सरकार प्रदेश के 2058 सहकारी समिति कर्मचारियों के वेतन के लिए तीन-तीन लाख रुपए प्रबंधकीय अनुदान दे। कबीरधाम जिले में हड़ताल के कारण सभी प्रकार के ऑफलाइन ऑनलाइन कार्य पूरी तरह से प्रभावित हो चुका है यह रिपोर्ट ऑनलाइन का है 3 तारीख से इसको ट्रायल करना था, लेकिन आज 6 तारीख की स्थिति में एक भी समिति ने इस ट्रायल रन में भाग नहीं लिया है इस प्रकार से रवि सीजन में बीज का वितरण होना है जो अभी कोई सोसाइटी में भंडारण नहीं हुआ है और ना ही नए बार दाना कहीं पर पहुंचा है।

# कार्तिक पूर्णिमा पर स्नान कर नदी व तालाबों में किया दीपदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव



विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव, दामापुर, कुंडा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में कार्तिक पूर्णिमा के पावन पर्व पर नदी व तालाबों में स्नान कर दीपदान किया। बताया गया कि हिंदू पंचांग के अनुसार साल का आठवां महीना कार्तिक महीना होता है। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा कार्तिक पूर्णिमा कहलाती है। इस दिन ब्रम्ह मुहूर्त में गंगा स्नान करके पूजा- पाठ, हवन व दीपदान करने का विशेष महत्व बताया गया है। कहां जाता है कि इस दिन किया गया दीपदान लाखों करोड़ो गुना फलदाई होता है। इस दिन आंवले वृक्ष के नीचे बैठकर मीठा व्यजन बनाकर खाने का विशेष महत्व बताया गया। विष्णु के भक्तों के लिए यह दिन इसलिए खास है क्योंकि भगवान विष्णु का पहला अवतार इसी दिन हुआ था। प्रथम अवतार में भगवान विष्णु मत्स्य यानी मछली के रूप में थे। भगवान को यह अवतार वेदों की रक्षा,प्रलय के अंत तक सप्तऋषियों,अनाजों एवं राजा सत्यव्रत की रक्षा के लिए लेना पड़ा था। इससे सृष्टि का निर्माण कार्य फिर से आसान हुआ। शिव भक्तों के अनुसार इसी दिन भगवान भोलेनाथ ने त्रिपुरासुर नामक महाभयानक असुर का संहार कर दिया जिससे वह त्रिपुरारी के रूप में पूजित हुए। इससे देवगण बहुत प्रसन्न हुए और भगवान विष्णु ने शिव जी को त्रिपुरारी नाम दिया जो शिव के अनेक नामों में से एक है। इसलिए इसे 'त्रिपुरी पूर्णिमा' भी कहते हैं। सिख सम्प्रदाय में कार्तिक पूर्णिमा का दिन प्रकाशोत्सव के रूप में मनाया जाता है। क्योंकि इस दिन सिख सम्प्रदाय के संस्थापक गुरू नानक देव का जन्म हुआ था। इस दिन सिख सम्प्रदाय के अनुयायी सुबह स्नान कर गुरूद्वारों में जाकर गुरूवाणी सुनते हैं और नानक जी के बताये रास्ते पर चलने की सौगंध लेते हैं। इसे गुरु पर्व भी कहा जाता है।

### प्राणखैरा में संकुल स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता संपन्न



**हरिभूमि कोलेगांव।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पूरे प्रदेश में खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल के छात्र छात्राओं के लिए खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें संकुल स्तर पर उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सभी संकुल के छात्र छात्राएं बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। उसी कड़ी में पंडरिया विकासखंड के सैहामालगी संकुल के अंतर्गत ग्राम प्राणखैरा में खेल कूद कार्यक्रम का आयोजन रखा गया, जिसमें 20 से अधिक खेल का प्रतियोगिता रखा गया जिसमें छोटे-छोटे बच्चे पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया। उक्त कार्यक्रम में पंडरिया जनपद पंचायत के सभापति अश्वनी यदु शामिल हुए, उन्होने अपने उद्बोधन में कहा की स्वस्थ जीवन एवं निरोगी काया की चाह रखने वालों को निश्चित रूप से खेल को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए श्री यदु ने कहा की खेल एक ऐसा माध्यम है जो युवाओं को नशे से दूर रखता है, जीवन में पढ़ाई के साथ-साथ खेल का भी बड़ा महत्व है, उन्होने शिक्षकों को शिल्पकार के रूप में सम्बोधित किया। हम जब अपने घर में रहते है तब एक माटी के लोंदा जैसे रहते है। हमारे शिक्षक शिक्षा के माध्यम से हमें आकार देकर हमारे बेहतर भविष्य बनाने वाले शिल्पकार होते है जो हमें हमारी पहचान देते है। इसलिए हमें सदैव अपने शिक्षक का सम्मान करना चाहिए। सरपंच लेखराम सिंगरौल ने बच्चों को उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु बधाई प्रेषित करते हुए उन्हें बढ़-चढ़कर खेल में भाग लेने हेतु प्रेरित किया। अंत में ग्राम पंचायत प्राणखैरा सरपंच कुलेश्वर चंद्राकर ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए सफल आयोजन हेतु सबको बधाई प्रेषित किया। इस दौरान कुलेश्वर चंद्राकर, लेखराम सिंगरौल, मौजीराम कश्यप, हरेंद्र कश्यप, राधेलाल कश्य, भागवत कश्यप, टेकलाल, मोनू गुप्ता, लखन लाल नवरंग सहित अभिभावक व समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

# समर्पण निःशुल्क कोचिंग का भव्य शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कवर्धा में विगत सात वर्षों से संचालित समर्पण निःशुल्क कोचिंग क्लास द्वारा इस वर्ष भी सैकड़ों छात्र-छात्राओं को निःशुल्क शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से कोचिंग सत्र का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी एवं विशेष अतिथि सपन चोपड़ा उपस्थित थे। इस अवसर पर अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ किया। कोचिंग का संचालन कवर्धा के युवा शिक्षकों सूचित बोथरा एवं दिनेश ठाकुर द्वारा किया जा रहा है। बीते सात वर्षों में इस संस्था के माध्यम से हजारों छात्र-छात्राओं ने गणित, विज्ञान और अंग्रेजी जैसे विषयों में निःशुल्क मार्गदर्शन प्राप्त कर उत्कृष्ट सफलता हासिल की है। मुख्य अतिथि चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने अपने उद्बोधन में कहा कि कवर्धा के युवाओं में अपार प्रतिभा है। सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों की शिक्षा गुणवत्ता बढ़ाने के लिए समर्पण निःशुल्क कोचिंग का योगदान सराहनीय है। यहां से पढ़े विद्यार्थी भविष्य में देश की सेवा करेंगे। विशेष अतिथि सपन चोपड़ा ने कहा कि शिक्षा सबका मौलिक अधिकार है और विद्या दान सबसे बड़ा दान है। समर्पण निःशुल्क कोचिंग द्वारा किया जा रहा यह प्रयास समाज में शिक्षा के प्रसार की दिशा में प्रेरणादायी है। कोचिंग संचालक सूचित बोथरा एवं दिनेश ठाकुर ने बताया कि संस्था का उद्देश्य सरकारी स्कूलों के मेधावी विद्यार्थियों को निःशुल्क गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर उन्हें बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने हेतु तैयार करना है। आभार प्रदर्शन करते हुए सूचित बोथरा ने कहा कि गर्मी के दिनों में भी हम विद्यार्थियों को अंग्रेजी की निःशुल्क शिक्षा देते हैं ताकि वे भाषा के भय से मुक्त होकर आत्मविश्वास से आगे बढ़ सकें।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### पंडरिया विस में भाजपा कार्यकर्ताओं आठ को

**कवर्धा।** पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा 8 नवम्बर को ग्राम पोलमी मैदान में सुबह 11.00 बजे से भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन एवं दीपावली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया जा रहा है जिसकी तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। इस संबंध में पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने कहा कि संगठन की शक्ति वहीं खिलती है, जहां कार्यकर्ता तपस्वी बनकर खड़े होते हैं। ऐसे ही भाजपा के समर्पित व कर्तव्यनिष्ठ कार्यकर्ताओं के परिश्रम से आज भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी होने के साथ ही राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक भी बना है। पंडरिया विधानसभा की प्रगति, भाजपा की रीति-नीति एवं जनता के लिए आप सभी के सेवाभाव, राष्ट्र प्रेम और पार्टी व संगठन के प्रति कर्तव्यनिष्ठा के लिए कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए पंडरिया विधानसभा स्तरीय दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है।

### संघ ने धूमधाम से मनाया गोपाष्टमी महोत्सव

**कवर्धा।** भारतीय किसान संघ लोहारा तहसील अंतर्गत ग्राम मुंगेलीडीह (गोछिया) में गोपाष्टमी बड़ी हर्ष उल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजकों ने गौ पालकों को सम्मानित भी किया साथ ही साथ हमारे जीवन में गौमाता की कितनी महत्व है इन सभी विषयों के बारे में उपस्थित महराज पवन, विमल वैष्णव से गौमाता की महिमा का व्याखान किया। कार्यक्रम में भारतीय किसान संघ के प्रदेश मीडिया प्रभारी संजय साहू, जिला कार्यकर्ता अरविंद शर्मा, मनहरन कौशिक, ब्लाक अध्यक्ष मूलचंद सहू, ब्लाक मंत्री विजय साहू, तहसील कार्यकर्ता कोमल दुबे, रामसाय कौशिक, बलराम कौशिक, बलदाऊ कौशिक, तारा साहू, परस वर्मा, मुकेश सिंह ठाकुर, ईश्वर दास वैष्णव एवं बड़ी ग्रामीण कृषक गण उपस्थित थे।







**कथा:** हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजा पूरा क्षेत्र, धर्म नगरी हुई शिवमय

# ग्राम घुघरी में पं. प्रदीप मिश्रा की शिव महापुराण कथा का भव्य शुभारंभ, उमड़ा श्रद्धालुओं का सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

धर्म नगरी कवर्धा के ग्राम घुघरी में गुरुवार 6 नवम्बर से सुप्रसिद्ध शिव महापुराण कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा (सीहोर वाले)की पावन शिव महापुराण कथा का भव्य शुभारंभ हुआ। कथा के पहले ही दिन श्रद्धा और भक्ति का जनसागर उमड़ पड़ा। प्रदेशभर के साथ-साथ पड़ोसी राज्यों से आए हजारों श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए पहुंचे, जिससे पूरा क्षेत्र हर-हर महादेव के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। कथा का आयोजन 6 नवम्बर से 10 नवम्बर तक प्रतिदिन दोपहर 1.00 बजे से 4.00 बजे तक किया जा रहा है। इस कथा के मुख्य यजमान गणेश प्रसाद तिवारी, नेहा तिवारी और आशीष तिवारी हैं।

कथा का वाचन देश के प्रसिद्ध कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा (सीहोर वाले) द्वारा किया जा रहा है। प्रथम दिवस की कथा में उन्होंने शिव भक्ति के महत्व और जीवन में उसके गूढ़ अर्थ को सरल शब्दों में समझाया। प्रदीप मिश्रा ने कहा कि शिव भक्ति जिसे समझ आ गई, उसके लिए जीवन अत्यंत सरल हो जाता है, और जो नहीं समझ पाया उसके लिए यही भक्ति कठिन प्रतीत होती है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा, मिठाई की डिब्बी में रखी शक्कर को चींटी ढूंढ ही लेती है, कोई उसे रास्ता नहीं बताता। उसी तरह जो सच्चे मन से 'भोलेनाथ' की भक्ति करता है, भगवान स्वयं उसे ढूंढ लेते हैं और अपनी कृपा दृष्टि उस पर बरसाते हैं। कथावाचक ने आगे कहा कि शिव महापुराण यह सिखाती है कि जो व्यक्ति एक बार भी 'शिव नाम' का उच्चारण कर लेता है, शिव मंदिर तक चला जाता है या कथा में बैठ जाता है, भगवान शंकर उसे जीवन में कभी भटकने नहीं देते। उन्होंने बताया कि मार्गशीर्ष मास में आने वाला अग्रा नक्षत्र अत्यंत पवित्र माना गया है। इसी नक्षत्र में ब्रह्मा और विष्णु ने भगवान शंकर की दिव्य ज्योति का दर्शन किया था। उन्होंने कहा, "यह कवर्धा वासियों का सौभाग्य है कि 9 नवम्बर को वही अग्रा नक्षत्र पड़ रहा है। इस दिन भगवान शंकर के दर्शन करने से भक्तों पर विशेष कृपा होती है। प्रदीप मिश्रा ने कथा में यह भी कहा कि मनुष्य को जीवन में कलेश, कर्ज़ और कलंक से सदा दूर रहना चाहिए। परिवार में भेदभाव या मतभेद हो सकते हैं, परंतु शिवपुराण का संदेश है कि परिवार को हमेशा एकजुट रहना चाहिए, क्योंकि साथ बैठने से ही शिव कृपा प्राप्त होती है।



#### भक्तों की सुविधा के लिए शानदार व्यवस्था

श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए जिला व पुलिस प्रशासन तथा आयोजन समिति ने यातायात नियंत्रण, पार्किंग, पेयजल, भोजन प्रसाद एवं स्वास्थ्य सेवाओं के लिए विशेष प्रबंध किए हैं। प्रशासन और पुलिस विभाग भी सुरक्षा व्यवस्था में सक्रिय है। पहले ही दिन जिला मुख्यालय कवर्धा सहित आसपास के अंचलों से श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित को देखते हुए इस बात की पूरी संभावना है कि आने वाले दिनो में भीड़ और बढ़ सकती है। जिसे ध्यान में रखते हुए आयोजन समिति एवं प्रशासन द्वारा लगातार व्यवस्थाओं को और भी बेहतर करने की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं।

#### शिवभक्ति के रंग में रंगा कवर्धा

पंडित प्रदीप मिश्रा की उपस्थिति ने कवर्धा को इन दिनों धर्म और आस्था का केंद्र बना दिया है। जिले और प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से आ रहे श्रद्धालु कथा श्रवण कर भक्ति और शांति का अनुभव कर रहे हैं। आयोजक समिति ने सभी भक्तों से अनुशासन एवं सहयोग बनाए रखने की अपील की है ताकि यह पांच दिवसीय कथा भक्ति और अध्यात्म का सफल पर्व सिद्ध हो सके।

#### पहुंच मार्ग में मेला सा माहौल

ग्राम घुघरी में प्रारंभ पंडित प्रदीप मिश्रा की शिवमहापुराण कथा के पहले दिन से श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा है। कथा स्थल पर भक्तों की इतनी भीड़ जुटी कि पूरे क्षेत्र में मेला-सा वातावरण बन गया। दूर-दूर से आए श्रद्धालु सुबह से ही कथा सुनने के लिए पहुँच रहे हैं। पंडित मिश्रा के मधुर वचनों और धार्मिक प्रसंगों से पूरा क्षेत्र शिवमय हो उठा है। आयोजन स्थल ग्राम घुघरी पहुंच मार्ग में सैकड़ों की संख्या में दुकाने सज चुकी हैं। जहां लोगों द्वारा खरीदी भी की जा रही है। यहां बताना लाजिमी होगा कि कवर्धा मिनीमाता चौक से घुघरी पहुंच मार्ग प्रारंभ हो जाता है जहां कवर्धा से कुछ किलो मीटर तक वाहन ले जाने की अनुमति है लेकिन कथा स्थल से करीब पांच किलो मीटर पूर्व वाहन प्रतिबंधित है ऐसे में लोगों को पैदल की कथा स्थल तक जाना पड़ रहा है। लेकिन इस दूरी को भी शिव भक्त बड़ी सहजता से और भगवान भोलेनाथ के जयघोष के साथ पूरा कर रहे हैं

#### पण्डाल में पांच दिनो का डेरा

शिव महापुराण की कथा का श्रवणपान करने पहुंचे कई बाहरी और स्थानीय भक्तों ने पूरे पांच दिनो के लिए पण्डाल में ही डेरा डाल दिया है। ऐसे शिवभक्तों के लिए यहां आयोजन समिति ने भोजन भण्डारा के साथ पण्डाल में ही रूकने तथा अन्य व्यवस्थाएं कर रखी है।

## कोड़ापुरी स्कूल की छात्राओं को बाटी गई निःशुल्क सायकिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

ग्रामीण अंचल की बेटियों को उच्च शिक्षा से जोड़ने तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा चलाई जा रही निःशुल्क सरस्वती साइकिल योजना का सकारात्मक प्रभाव अब गांवों में स्पष्ट दिखने लगा है। इसी कड़ी में गत उनिो शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, कोड़ापुरी में साइकिल वितरण समारोह का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास के साथ किया गया। समारोह की अध्यक्षता विद्यालय प्राचार्य बसंत डोरे ने की जबकि कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कोड़ापुरी ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती सोनकली यशवंत चंद्राकर रहीं। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की बालिकाओं को निःशुल्क साइकिलें वितरित की गईं। साइकिल मिलते ही छात्राओं के चेहरे पर खुशी और आत्मविश्वास की चमक साफ झलक रही थी। बालिकाएं अब बिना किसी कठिनाई के विद्यालय आने-जाने में सक्षम होंगी,साथ ही यह सुविधा उन्हें शिक्षा के प्रति और अधिक प्रेरित करेगी। प्राचार्य बसंत डोरे ने कहा कि इस योजना से छात्राओं में आत्मविश्वास, स्वतंत्रता और शिक्षा के प्रति नई ऊर्जा का संचार हुआ है। उन्होंने शासन और शिक्षा विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर एसएमसी अध्यक्ष देवचंद साहू,एवं सदस्य श्रीमती हेमलता चंद्राकर, यशवंत चंद्राकर, दिनेश तिवारी, वीरेन्द्र चंद्राकर, मनराखन बर्मन, शैलेष तिवारी, श्रीमती नीलू कश्यप, देवेन्द्र सेन, रवेंद्र जंघेल, आदित्य साहू, श्रवण साहू, नंदकुमार भास्कर, गुरप्रीत सिंह सहित बड़ी संख्या में पालकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन छात्राओं के उत्साहपूर्ण धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।



## श्री रामलला के नाम से कॉलोनी का आधिकारिक नामकरण




हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिला चिकित्सालय के पीछे स्थित कॉलोनी, जहां पिछले 15 वर्षों से लोग निवासरत हैं, अब आधिकारिक रूप से श्री राम लला कॉलोनी के नाम से जाना जाएगा। इस कॉलोनी के नामकरण बोर्ड का लोकार्पण नगर पालिका अध्यक्ष चंद्र प्रकाश चंद्रवंशी के करकमलों से गत दिनो किया गया। इस अवसर पर वार्डवासियों में अत्यंत उत्साह का माहौल देखने को मिला। लोगों ने बताया कि लंबे समय से वे अपनी कॉलोनी को एक आधिकारिक नाम देने की मांग कर रहे थे। नगर पालिका प्रशासन द्वारा उनकी इस मांग को स्वीकार करते हुए कॉलोनी का नामकरण श्री राम लला कॉलोनी किया गया है। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि भगवान श्री राम हमारे आदर्श हैं और कॉलोनी का नाम उनके नाम पर होना सौभाग्य की बात है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि नगर पालिका इस क्षेत्र के विकास कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करेगी। लोकार्पण कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, वार्डवासी तथा नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। लोगों ने चंद्रवंशी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब उनकी कॉलोनी को नई पहचान मिली है।

## अवैध धान परिवहन करते 3 वाहन जब्त, 23 चेकपोस्ट में निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

राज्य शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए अन्य राज्यों से धान के अवैध आवक की निगरानी और रोकथाम के लिए कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर जिला प्रशासन कबीरधाम द्वारा कड़ी निगरानी और नियंत्रण व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

धान की अवैध आवाजाही को रोकने के उद्देश्य से जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में 23 चेकपोस्ट स्थापित किए गए हैं। इन चेकपोस्टों पर राजस्व, कृषि, वन एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों की संयुक्त ड्यूटी लगाई गई है, जिससे अंतराज्यीय सीमाओं पर सतत निगरानी रखी जा सके। इस वर्ष अब तक रेंगाखारकला एवं कुकदूर क्षेत्र में अवैध रूप से धान परिवहन करते हुए तीन वाहनों की जब्ती की कार्रवाई की गई है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अंतराज्यीय अवैध धान परिवहन पर कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में वाहन एवं धान की राजसात की कार्यवाही कस्टम मिलिंग एवं चावल उपार्जन आदेश 2016 के तहत की जाएगी। साथ ही, संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम, 2015 के प्रावधानों के अंतर्गत राजसात, वसूली एवं एफआईआर की कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी।

यहां बताना लाजिमी होगा कि समर्थन मूल्य में धान खरीदी के दौरान हर साल कुछ लोगों द्वारा अवैध ढंग से धान खरीदी केन्द्रों में अपनी धान खपाने के लिए हथकंडे अपनाए जाते हैं। जिसे रोकने के लिए प्रशासन इस बार धान खरीदी प्रदारंभ होने से पूर्व ही काफी सतर्क नजर आ रहा है। देखने वाली बात होगी इस कवायद से प्रशासन को कितनी सफलता मिल पाती है।



**आवेदन निवेदन कर थक चुके बैगा आदिवासी, आज भी अंधेरे में दिन गुजार रहे**

## राज्य गठन को 25 वर्ष पूरे लेकिन छिंदीडीह तक नहीं पहुंच पाई बिजली



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कहने को अभी पांच दिन पूर्व ही छत्तीसगढ़ राज्य गठन को पूरे 25 साल पूरे हो चुके हैं और इस अवसर पर इस बार कबीरधाम जिले से सहित पूरे प्रदेश में छत्तीसगढ़ राज्योत्सव रजत जयंती का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन के मंच से सत्तारूढ़ दल के नेताओं ने छत्तीसगढ़ और कबीरधाम जिले के विकास का जमकर बखान भी किया। लेकिन इन 25 वर्षो के दौरान कांग्रेस से लेकर भाजपा सरकार के शासनकाल में किए गए तथा कथित विकास के बीच एक कड़वी सच्चाई यह भी है कि जिले के कई गांव आज भी विद्युत विहीन है और इन ग्रामों के बासिंदे आज भी बिजली के लिए तरस रहे हैं। इन्हीं में से एक गांव विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम छिंदीडीह है जहां आज तक बिजली नहीं पहुंच पाई है। जबकि इस बैगा आदिवासी बाहुल्य ग्रामवासियों की माने तो इस संबंध में वे कांग्रेस से लेकर भाजपा सरकार के कार्यकाल में दर्जनो बार आवेदन दे चुके है लेकिन आज तक गांव में बिजली नहीं पहुंच पाई है। स्थानीय ग्रामीण शिव प्रसाद परस्ते,भोलाराम, राजकुमार, शिव प्रसाद, मान सियंह, संतोष नेताम, बादल सिंह बैगा, चैन सिंह, समयलाल, समेलाल, मोतीराम, पहलवान, बुधलाल, बिसाहू टेकाम, संतुराम धुर्वे, पंचुराम, फंदीराम, जयलाल, पनकूराम सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि बैगा आदिवासी बाहुल्य ग्राम छिंदीडीह की आबादी लगभग 450 है और यहां 65 से 70 परिवार निवास करते हैं। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि इस गांव में आज तब शासन, प्रशासन एवं विद्युत विभाग द्वारा बिजली सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई है। आज भी इस गांव के लोग आदिम युग में चिमनी के सहारे अपना जीवन यापन करने मजबूर है। जबकि इन ग्रामीणों की माने तो ग्राम पंचायत छिंदीडीह न सिर्फ ग्राम पंचायत है बल्कि यहां मतदान केन्द्र भी है। वहीं ग्राम छिंदीडीह से एक किलो मीटर ग्राम देवानपटपर में बिजली उपलब्ध है लेकिन मात्र एक किलो मीटर दूर से छिंदीडीह तक बिजली 25 सालों में भी नहीं पहुंच पाई है। जिसके चलते स्थानीय ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन तथा क्षेत्रीय ग्रामीणों से गांव में बिजली की सुविधा उपलब्ध कराए जाने की मांग की है।

#### दर्जनों बार किया जा चुका है आवेदन

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या को लेकर वे छत्तीसगढ़ राज्य गठन से लेकर अब तक कांग्रेस शासन काल से लेकर भाजपा शासन काल में दर्जनो बार शासन-प्रशासन से लेकर क्षेत्रीय ओहदेदार जनप्रतिनिधियों को आवेदन कर चुके हैं। लेकिन आज पर्यंत उनके आवेदन पर किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की गई है। यहां तक की ग्रामीण विद्युत वितरण वृत्त अभियंता कवर्धा, घनिष्ट वृत्त अभियंता केंद्र पंडरिया सभी जगह कई बार लिखित में आवेदन दे चुके हैं लेकिन कार्यवाही शून्य है। ग्रामीणों की माने तो शासन-प्रशासन, जनप्रतिनिधि तथा विभागीय अधिकारी यह भी बताने को तैयार नहीं है कि ग्राम छिंदीडीह के पारा मुहल्लों में बिजली पहुंचाने में दिक्कत अथवा परेशानी क्या है?

## हाई स्कूल छिरहा में गणित मेला आयोजन

**कवर्धा।** जिले के शिक्षा जगत में एक महत्वपूर्ण व प्रेरणादायक पहल करते हुए कवर्धा ब्लॉक के अंतर्गत स्थित शासकीय हाई स्कूल छिरहा ने गणित मेला का सफल आयोजन किया। विद्यालय स्तर पर इस तरह के गणित मेले का आयोजन करने वाला यह स्कूल जिले का पहला विद्यालय बन गया है। संस्था के प्राचार्य व गणित विषय के व्याख्याता डॉ. रमेश चन्द्रवंशी के दूरदर्शी मार्गदर्शन में हुए इस आयोजन ने विद्यार्थियों के मन से गणित का भय दूर करने के साथ ही जटिल गणितीय अवधारणाओं को सरलता, रोचकता और खेल-खेल में सीखने का अभूतपूर्व अवसर प्रदान किया। इस गणित मेले के आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के भीतर गणित के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण व रुचि पैदा करना, छात्रों को स्वयं करके सीखने के लिए प्रेरित करना, प्रतिभा प्रदर्शन का अवसर देना, रचनात्मकता और तार्किक सोच का विकास सुनिश्चित करना है। यह पहल गणित को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रखकर उसे जीवंत और सुलभ विषय बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। गणित मेले में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर गणित के सिद्धांतों को समझाने के लिए मॉडल, चार्ट, माइंड गेम और इंटरैक्टिव प्रदर्शन प्रस्तुत किए। इस मेले में प्रमुख रूप से बोधायन प्रमेय का मूर्त सत्यापन, द्विविमिय व त्रिविमीय आकृतियाँ, बीजगणितीय सूत्र, रैखिक समीकरण, घातांक के नियम, वर्ग मशीन, त्रिकोणमितीय पार्क, स्थानीय मान, कोण के प्रकार, मापन सीढ़ी, भिन्न, पाहड़ा, गणित का संतुलन, मैथ्स मैजिक, वृत्त के भाग, क्षेत्रमिति, वास्तविक संख्याएँ, निर्देशांक ज्यामिति, गणितीय घर आदि से संबंधित मॉडल प्रदर्शित किया गया। इन इंटरैक्टिव प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थियों को जटिल गणितीय अवधारणाओं को सरलता से समझने और उसे अपने हाथों से अनुभव करने का अभूतपूर्व अवसर मिला। इन प्रदर्शनों ने यह साबित कर दिया कि गणित एक नीरस विषय नहीं, बल्कि रचनात्मकता और प्रयोगों का भंडार है। शासकीय हाई स्कूल छिरहा का यह गणित मेला केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि यह दर्शाता है कि रचनात्मक और व्यावहारिक शिक्षण पद्धतियों के माध्यम से कैसे गणित जैसे विषयों को विद्यार्थियों के लिए सरल, प्रिय और समझने में आसान बनाया जा सकता है। यह पहल जिले के अन्य विद्यालयों के लिए एक प्रेरणास्रोत के रूप में कार्य करेगी, जो भविष्य में इसी तरह के ज्ञानवर्धक और रचनात्मक आयोजनों को प्रोत्साहित करेगी। गणित मेले में हाई स्कूल के साथ ही प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों को भी शामिल होने और प्रदर्शित मॉडलों को देखने का बहुमूल्य अवसर प्राप्त हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी, व्याख्याता कल्पना मरावी, रंजीता माहेश्वरी, वीणाक्षी नामदेव, शिक्षक बलवंत ठाकुर, संजू वर्मा, भारती चन्द्रवंशी, पालकगण राजेन्द्र पटेल, इंदर कुमार, केकती, परमिला, केराबाई, देवकुमार, गंगूराम, सालिक चंद्रोल एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।